सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI हर खबर पर पक्की नजर

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

कर्तव्यपथ पर चतुर्थ वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष :04, अंक :-259, पृष्ठ : 12 | रविवार, 30 मार्च, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# अमर संस्कृति का वट वृक्ष है संघ

## नागपुर में मोदी बोले- हम देव से देश, राम से राष्ट्र का मंत्र लेकर चल रहे




**नागपुर।** प्रधानमंत्री मोदी रविवार को नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) मुख्यालय केशव कुंज पहुंचे। यह पहला मौका है जब कोई प्रधानमंत्री आरएसएस मुख्यालय पहुंचा है। प्रधानमंत्री के साथ आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी मौजूद हैं।

प्रधानमंत्री ने आरएसएस हेडक्वार्टर में संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार और दूसरे सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर (गुरुजी) के स्मारक स्मृति मंदिर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद वे दीक्षाभूमि गए और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी। दीक्षाभूमि आरएसएस कार्यालय के नजदीक ही है। यहां डॉ. भीमराव अंबेडकर ने अपने अनुयायियों के साथ 1956 में बौद्ध धर्म अपनाया था। पिछले साल पीएम मोदी ने यहां पहुंचकर ध्यान लगाया था।

पीएम मोदी ने कहा कि संघ भारत की अमर संस्कृति का आधुनिक अक्षय वट है, जो निरंतर भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना को ऊर्जा प्रदान कर रहा है। महाराष्ट्र के संत गुलाबराव महाराज को प्रज्ञा चक्षु कहा जाता था। कम आयु में ही उनकी आंखों की रोशनी चली गई थी, फिर भी उन्होंने अनेक ग्रंथों की रचना की। कैसे? उनके पास भले ही नेत्र नहीं थे, लेकिन दृष्टि थी—जो बोध से आती है, विवेक से प्रकट होती है और व्यक्ति के साथ-साथ समाज को भी शक्ति देती है। संघ भी एक ऐसा संस्कार यज्ञ है, जो अंतर्दृष्टि और बाह्य दृष्टि दोनों के लिए काम कर रहा है। बाह्य दृष्टि के रूप में माधव नेत्रालय इसका उदाहरण है, जबकि अंतर्दृष्टि ने संघ को आकार दिया है। हमारे यहां कहा गया है कि हमारा शरीर परोपकार और सेवा के लिए ही है। जब सेवा संस्कार बन जाती है, तो साधना बन जाती है। यही साधना हर स्वयंसेवक की प्राणवायु होती है।


## हॉस्टल के चौथी मंजिल से कूदा छात्र, मौत


**तेलंगाना।** झलवा स्थित ट्रिपलआईटी के छात्रावास की चौथी मंजिल से बीटेक के छात्र ने कूदकर जान दे दी। बीस वर्षीय यह छात्र राहुल मडला तेलंगाना का रहने वाला था और बीटेक इन्फार्मेशन टेक्नालॉजी प्रथम वर्ष का छात्र था। राहुल मूक और बधिर था। उसने रात करीब डेढ़ बजे छात्रावास की चौथी मंजिल से छलांग लगा दी। इसके बाद छात्रावास में हड़कंप मच गया। संस्थान के तमाम शिक्षक और अधिकारी मौके पर पहुंच गए। घटना के बाद छात्रों ने काफी हंगामा किया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने पहुंचकर छात्रों को समझाया। छात्र के कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

## पुतिन के काफिले की कार में ब्लास्ट



**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के काफिले की कार में ब्लास्ट हुआ है। यह धमाका खुफिया एजेंसी ऋइइ के मुख्यालय के बाहर हुआ। यह एक लग्जरी लिमोजिन कार थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक इंजन में आग लग गई थी और फिर अंदर फैल गई। हालांकि अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि यह हत्या की साजिश थी या सिर्फ एक हादसा। इसके बाद से पुतिन की सुरक्षा को लेकर राष्ट्रपति कार्यालय में चिंताएं बढ़ गई है।





# भूकंप से तबाह म्यांमार

## अब तक 1644 की मौतः 3400 घायल, दो दिन में 3 बड़े भूकंप
## पीएम नरेंद्र मोदी ने सैन्य सरकार के प्रमुख से बात की

**नेपीदा।** म्यांमार में शनिवार दोपहर 3:30 बजे फिर भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.1 मापी गई। इस तरह बीते 2 दिन में 5 से ज्यादा तीव्रता वाले तीन भूकंप आए।

शुक्रवार को 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद म्यांमार में भारी तबाही हुई। मौत का आंकड़ा 10 हजार से ज्यादा हो सकता है। यह आशंका यूनाइटेड स्टेट जियोलॉजिकल सर्वे (वरज्ञ्र) ने जताई। भूकंप के झटके थाईलैंड, बांग्लादेश, चीन और भारत तक महसूस किए गए।

न्यूज एजेंसी के मुताबिक शनिवार तक मरने वालों का आंकड़ा 1644 हो चुका है, जबकि 3,408 से ज्यादा लोग घायल हुए और 139 लोग लापता हैं। उधर, थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में एक 30 मंजिला इमारत गिर गई। इसमें 10 लोगों की मौत हुई। म्यांमार में शुक्रवार सुबह



11:50 बजे 7.7 तीव्रता का भूकंप आया। म्यांमार और थाईलैंड में यह 200 साल का सबसे बड़ा भूकंप था। भारी तबाही के चलते म्यांमार के 6 राज्यों और पूरे थाईलैंड में इमरजेंसी लगा दी गई।

**भीड़भाड और ट्रैफिक की वजह से रेस्क्यू में दिक्कत**

सड़कों पर भीड़भाड़ और ट्रैफिक जाम की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन में मुश्किल आ रही है। कई मेडिकल इक्विपमेंट जैसे ट्रॉमा किट, ब्लड बैग, एनेस्थेटिक्स और जरूरी दवाओं के ट्रांसपोर्ट में बाधा हो रही है।

# आपरेशन ब्रह्माः राहत लेकर म्यांमार उतरे भारतीय वायुसेना के पांच विमान

**नई दिल्ली।** भारत ने ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत म्यांमार में आपदा राहत और बचाव अभियान के विशेष मदद भेजी। भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के पांच विमान यंगून और नेपीडॉ में उतरे। ये विमान आपदा राहत सामग्री (एचएडीआर), 60 पैरा फील्ड एंबुलेंस और एडीआरएफ कर्मियों को लेकर पहुंचे। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'ऑपरेशन ब्रह्मा जारी है। दो सी-17 विमान 118 सदस्य वाले भारती सेना फील्ड



अस्पताल इकाई के साथ म्यांमार पहुंचे, जिसमें महिला एवं बाल देखभाल सेवाएं भी शामिल हैं। साथ ही, 60 टन राहत सामग्री भेजी गई है। भारत से कुल पांच राहत विमान म्यांमार पहुंचे।' ऑपरेशन ब्रह्मा के




तहत सी-130 विमान नेपीडॉ में उतरा, जिसमें एनडीआरएफ के 38 कर्मी और 10 टन राहत सामग्री शामिल है।

**राहत के लिए विद्रोही समूह ने की अस्थायी संघर्षविराम की घोषणा**

म्यांमार की राष्ट्रीय एकता सरकार (एनयूजी) ने भूकंप राहत कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए आंशिक संघर्षविराम की घोषणा की है। शनिवार रात जारी बयान में कहा गया कि इसकी सशस्त्र शाखा पीपुल्स डिफेंस फोर्स (पीडीएफ) ने रविवार से भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में सैन्य हमलों को रोकने का फैसला किया है। एनयूजी ने कहा कि वह संयुक्त राष्ट्र (यूएन) और गैर सरकारी संगठनों के साथ मिलकर राहत कार्यों में सहयोग करेगा। इसके तहत सुरक्षा व्यवस्था, परिवहन सुविधा, अस्थायी राहत व चिकित्सा शिविरों की स्थापना की जाएगी।

**स्वामी वीरेन अग्रवाल** प्रकाशक **विवेक खंडेलवाल** मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं **विवेक खंडेलवाल** मैनेजिंग डायरेक्टर बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित
**प्रधान संपादक अरविन्द सिंह**
**RNI Ragistration No UPHIN/2021/88376**
**निदेशक (वित्त) स्वतंत्र कुमार**
E MAIL newsnextindia1@gmail.com
Website:-www.nnindianews.com
**(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )**

# मणिपुर में तीन उग्रवादी गिरफ्तार, ठाणे में प्रतिबंधित कफ सिरप की 238 बोतलें जब्त

**इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने अलग-अलग हिस्सों से तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। प्रतिबंधित पीआरईपीएके (प्रो) के एक सदस्य को शनिवार को इंफाल पश्चिम जिले के खुरकुल से गिरफ्तार किया गया। उसकी पहचान निंगथौजम बोबॉय सिंह उर्फ खोंगनांगथाबा (37) के रूप में हुई। प्रतिबंधित केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के एक सदस्य को इंफाल पूर्व जिले के सावोमबंग में उसके घर से गिरफ्तार किया गया। उसकी पहचान सनसम सोनामित सिंह (27) के रूप में हुई। केसीपी (सिटी मीतेई) के एक उग्रवादी शारंगबाम थोइबा सिंह (43) को गिरफ्तार किया गया। वह काकचिंग और इंफाल पश्चिम जिलों में जबरन वसूली के मामलों में वांछित था। इसके अलावा एक 32 वर्षीय व्यक्ति को अन्य व्यक्तियों की जानकारी के बिना आतंकियों को सिम कार्ड बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। उसके पास से कुल 117 सिम कार्ड बरामद किए गए। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने 53,550 रुपये मूल्य की प्रतिबंधित कोडीन कफ सिरप की 238 बोतलें जब्त की हैं। बोतलों को एक व्यक्ति अवैध रूप से मोटरसाइकिल पर ले जा रहा था।

# चेन्नई जाने वाली घरेलू फ्लाइट का टायर फटा, बाल-बाल बचे यात्री

**चेन्नई।** जयपुर से चेन्नई जाने वाले विमान का रविवार सुबह लैंडिंग से पहले टायर फट गया। इसके बाद विमान की आपातकालीन लैंडिंग कराई गई। गनीमत रही कि किसी को कुछ भी नुकसान नहीं हुआ। सभी यात्री सुरक्षित हैं। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि सभी यात्री और चालक दल सुरक्षित हैं और लैंडिंग के बाद वे सुरक्षित उतर गए। इससे पहल लैंडिंग से ऐन पहले पायलट को टायर के फटने की बात पता



चली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सूचित किया और उन्होंने ऐसी परिस्थितियों में लैंडिंग के लिए नियमों के अनुसार काम किया। अधिकारियों के मुताबिक, विमान का निरीक्षण करने पर पता चला कि पहिया नंबर 2 क्षतिग्रस्त था और टायर के बाएं हिस्से से कुछ टुकड़े निकल रहे थे।'

# चैत्र नवरात्र शुरू, मां के मंदिरों में उमड़ी आस्था

## माता के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की हुई पूजा अर्चना





एनएनआई

**आगरा।** चैत्र नवरात्र का शुभारंभ रविवार को हो गया। प्रतिपदा तिथि में सुबह से ही माता के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। श्रद्धालु माता शैलपुत्री को नारियल चुनरी अर्पण कर रहे हैं। आगरा के माता रानी के मंदिरों में श्रद्धालुओं के भीड़ उमड़ रही है। इस बार नवरात्रि आठ दिनों के हैं।

श्रद्धालु पंक्ति में खड़े होकर जय माता दी की जयकारों के साथ अपनी बारी और मा का दर्शन पूजन कर रहे हैं। मंदिर के बाहर धूप कपूर जलाकर माता से मनोकामना पूर्ति की कामना कर रहे हैं। मंदिर में महिला और पुरुष के लिए अलग-अलग लाइन लगी है। पूजार्चना का सिलसिला पूरे दिन चलता रहेगा।

चैत्र नवरात्र का पर्व बहुत ज्यादा शुभ माना जाता है। इस साल यह 30 मार्च यानी आज से शुरू हो रहा है। यह त्योहार गर्मियों की शुरूआत का प्रतीक है। चैत्र नवरात्र का त्योहार मां दुर्गा और उनके नौ दिव्य अवतारों की पूजा के लिए समर्पित है। नवरात्र का पहला दिन मां शैलपुत्री की पूजा के लिए समर्पित है। इसके साथ ही इसी दिन घटस्थापना भी किया जाता है। कहा जाता है कि मां दुर्गा की उपासना सच्ची भक्ति के साथ करने से सभी मनोकामनाओं की पूर्ति होती है। इसके साथ ही जीवन में खुशहाली आती है।

रात होते ही यह मंदिर विद्युत झालरों से जगमगा उठे। आज से नौ दिनों तक माता रानी के विभिन्न स्वरूपों की पूजा अर्चना की जाएगी।


चैत्र नवरात्र के लिए देवी मंदिरों को अच्छी तरह से सजाया गया है। रविवार सुबह कलश स्थापना और मां शैलपुत्री के पूजन के साथ चैत्र नवरात्र शुरू गए। मनःकामेश्वर, शाहगंज, रुई की मंडी, लोहामंडी, बोदला, बल्केश्वर, कमला नगर आदि बाजारों में शनिवार रात तक श्रद्धालुओं ने पूजन सामग्री की खरीदारी की।

व्रत रखने वाले श्रद्धालु कलश, नारियल, चुनरी, रोली, पान, घी, धूप बत्ती, अगरबत्ती, लौंग, सुपारी, बताशे, कपूर आदि पूजन सामग्री खरीद रहे हैं। कुट्टू आटा और फल खरीदने के लिए भी भीड़ है। नवमी पूजन के साथ नवरात्र का समापन होगा।

मान्यता है कि नवरात्र में संकल्प लेकर अखंड ज्योत जलाने से मां दुर्गा प्रसन्न होकर भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। इसके लिए घरों और मंदिरों में तैयारियां की जा रही हैं। खंदारी में दुकानदार हाजी अनवार ने बताया कि पूजन सामग्रियों के साथ पीतल का बर्तन और घंटी आदि की बिक्री हो रही है। माता की पोशाक 10 से 150 रुपये तक, माला 10 से 200 रुपये तक, मुकुट 20 से 200 रुपये तक उपलब्ध है। दुकानदार अमित वर्मा ने बताया कि कॉटन की पोशाक की मांग ज्यादा है। ये 80 रुपये से 200 रुपये तक उपलब्ध है। इसके अलावा कंप्यूटराइज्ड डिजाइन में झंडियां भी लोग पसंद कर रहे हैं।

इंद्रपुरी सिद्धिदात्री सतोगुणी मंदिर, चामुंडा देवी मंदिर राजामंडी, कामाख्या देवी मंदिर हाथी घाट, मां वैष्णो देवी मंदिर खंदारी सहित अन्य देवी मंदिरों में सजावट की गई है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेडिंग लगाई जा रही हैं।

## यमुना एक्सप्रेस-वे पर ट्रक से टकराई बस, कई घायल



एनएनआई

**मथुरा।** बलदेव थाना क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस माइल स्टोन-147 गांव मगना-बरौली के समीप सुबह चार बजे ट्रक में पीछे से तेज रफ्तार से बस ने जोरदार टक्कर मार दी। तेज रफ्तार के कारण बस अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गई। डिवाइडर तोड़कर सर्विस रोड पर जा कर गिर पड़ी। ट्रक का चालक और बस में सवार लगभग 15 सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। थाना प्रभारी त्रिलोकी सिंह ने बताया ट्रक नोएडा से आगरा की ओर जा रहा था। ट्रक में उत्तर प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग गणना पत्रक के बंडल भरे हुए थे। ये मिजार्पुर ले जाए जा रहे थे। पीछे से तेज रफ्तार में आ रही बस अनियंत्रित होकर ट्रक में जोरदार टक्कर मारते हुए डिवाइडर तोड़ कर सर्विस रोड पर जा गिरी। बस जालौन जा रही थी, जिसमें करीब 15 सवारी बैठी थीं। सवारी गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे में ट्रक चालक के साथ बस में मौजूद लगभग 15 व्यक्ति घायल हो गए। बस बैरिकेडिंग तोड़कर नीचे सर्विस रोड पर पलट गई। निर्वाचन आयोग को घटना की जानकारी दे दी गई है। दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। घायलों को उपचार हेतु एसएन मेडिकल आगरा अस्पताल भेजा गया है।



# गौवंशों को लेकर चोरी छुपे जा रहा कंटेनर पलटा

## कंटेनर में भरे थे 14 गौवंश: 5 जीवित और 9 मृत मिले

एनएनआई



**किरावली।** थाना अछनेरा क्षेत्र के अंतर्गत, गाँव साथा में आज सुबह बड़ा मामला सामने आया है। बताया गया है कि, गौ-तस्कर चोरी छिपे देर रात्रि खेतों में होकर, कच्चे रास्ते कंटेनर संख्या आरजे 40 जीए 6636 में भरकर गौवंशों को ले जा रहे थे। तभी रात में ही कंटेनर पलट गया। सुबह जब सूचना पर बजरंग दल और ग्रामीणों ने पहुंचकर देखा, तो उसमें गौ वंश भरे हुए थे।

लेकिन गौ-तस्कर भाग गए। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुँच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के गाँव साथा के पास तड़के सुबह ग्रामीणों को, गौवंशों से भरे कंटेनर के बारे में जानकारी हुई। सूचना मिलने पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने दौड़ लगा दी। मौके पर आकर जब बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कंटेनर का गेट खोला तो, हडकंप मच गया। कंटेनर में 14 गौवंश थे। जिनमें से 5 जीवित गौवंश और 9 मृत मिले। गौवंशों को ग्रामीणों की मदद से बमुश्किल बाहर निकाला गया। इसी दौरान पुलिस को मामले की सूचना दी। वहीं सूचना पर तत्काल पुलिस फोर्स मौके पर पहुँची। वहीं बजरंगदल के विभाग संयोजक आर के इंदौलिया ने बताया कि, सूचना मिलने पर बदरंग दल गौ-तस्करीकी तीन-चार दिनों से रेकी कर रहा था। इनके पीछे अपनी गाड़ी भी लगा रखी थी। ये लोग चकमा देकर, मैन हाई वे छोड़कर कच्चे रास्तों से निकल रहे थे। जब साथा गाँव के पास देर रात को खेतों के रास्ते निकलकर जा रहे थे, तभी गाड़ी पलट गई, और गौवंशों को छोड़ तस्कर भाग खड़े हुए। गौवंशों की सूचना सुबह तड़के मिली थी। वहीं पुलिस कंटेनर के रजिस्ट्रेशन संख्या की मदद से, गौ-तस्करों की तलाश में जुटी हुई है। मौके पर, बजरंगदल के विभाग संयोजक आर के इंदौलिया, जिला संयोजक यदुवीर चाहर, जिला गौरक्षा प्रमुख पुष्पेन्द्र चाहर, जिला मंत्री मनोज शर्मा, जिला सह संयोजक मोनू पचौरी, शहरी, बजरंग सिसोदिया एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# हाउस टैक्स जमा कराने के लिए खुला नगर निगम कैश काउंटर

एनएनआई

## आज रविवार और कल ईद की छुट्टी पर भी करा सकते हैं हाउस टैक्स जमा

**आगरा।** जिन बकायेदारों ने अभी तक गृहकर जमा नहीं कराया है, उनके लिए अभी बिना ब्याज के गृहकर जमा कराने के लिए 2 दिन बचे हैं। 31 मार्च तक गृहकर जमा करना होगा। क्योंकि इसके बाद गृहकर जमा किया तो 12% अतिरिक्त ब्याज के साथ टैक्स देना होगा। लोगों की सुविधा को देखते हुए 30 मार्च को रविवार और 31 मार्च को ईद की छुट्टी के बावजूद नगर निगम के कैश काउंटर खुले रहेंगे।नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने शासन के आदेश पर राजस्व लक्ष्य हासिल करने के अवकाश के दिनों में भी चारों जोन में निगम के कैश काउंटरों को खोले जाने के आदेश दिये हैं। 30 मार्च रविवार और 31 मार्च सोमवार को रमजान के अवकाश के बावजूद नगर निगम के सभी कैश काउंटर आम दिनों की तरह से खुलेंगे। अपर नगर आयुक्त सत्येंद्र कुमार तिवारी के अनुसार सभी जोनल कार्यालय एवं उनके कैश काउंटर आम कार्यालय दिवस की भांति खुलेंगे।

संबंधित जोनल अधिकारी अपने




जोन कार्यालय में समस्त स्टाफ के साथ कैंप लगाकर एवं डोर टू डोर वसूली का कार्य कराएंगे। सभी जोनल अधिकारियों को वसूल गये गृहकर का विवरण सायं 5 उन्हें उपलब्ध कराना होगा।

**लगातार की जा रही कार्रवाई**

नगर निगम प्रशासन लक्ष्य के अनुरूप राजस्व प्राप्त करने के लिए ऐड़ी चोटी का जोर लगा रहा है। नगर निगम राजस्व विभाग की टीमें लगातार कुर्की, वारंट और नोटिस की कार्रवाई कर रही हैं। बकायेदारों से 31 से मार्च से पहले गृहकर जमा कराने की अपील की जारही है। इसके बावजूद बड़ी संख्या में ऐसे बकायेदार हैं, जिन्होंने बकाया चला आ रहा गृहकर जमा नहीं कराया है।

नगर निगम प्रशासन का फोकस 50 हजार रुपये से अधिक के बकायेदारों पर है। ऐसे बकायेदारों की सूची बनाकर कार्रवाई की जा रही है। चारों जोन में राजस्व टीमों के लिए लक्ष्य निर्धारित कर दिये गये हैं। दर्जनों की संख्या में संपत्तियों को सील किया जा चुका है।नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने सभी बकायेदारों से अपील है कि वे सीलिंग और कुर्की की कार्रवाई से बचने के लिए समय से टैक्स जमा करा कर शहर के विकास में सहयोग दें। जो बकायेदार 31 मार्च तक टैक्स जमा नहीं कराएंगे उन्हें अप्रैल में 12 प्रतिशत अतिक्त ब्याज के साथ गृहकर जमा कराना होगा।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने एक्टिवा सवार रौंदा

**आगरा एनएनआई।** हाथरस मार्ग पर शनिवार को रामबाग की ओर से तेज रफ्तार में गलत दिशा की ओर से आ रहे ट्रैक्टर ने एक्टिवा सवार को रौंद दिया। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को इलाज के लिए एस एन मेडिकल कॉलेज भेजा। जहां उसे मृत घोषित कर दिया।

थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र के गुलाब नगर निवासी रामनिवास पुत्र रामभरोसी बढ़ई (कारपेंटर) का काम करते हैं। उनका बड़ा बेटा रोहित छोटा बेटा विशाल पढ़ाई करते हैं। बेटी की दो साल पहले शादी हो चुकी है। वह शनिवार शाम करीब 4 बजे सब्जी खरीदने टेढ़ी बगिया जा रहे थे। तभी रामबाग की ओर से गलत दिशा में तेज रफ्तार से आ रहे ट्रैक्टर ने ओ.पी. कोल्ड के सामने कट पर रौंद दिया।




मौके पर आसपास के लोग इकट्ठे हो गए। ट्रैक्टर चालक ने भागने का प्रयास किया लेकिन भीड़ ने उसे दबोच लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस के हवाले कर दिया। परिजनों ने हंगामे किया। पुलिस ने समझा बुझाकर शांत कराया।

थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर चालक को हिरासत में ले लिया है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

# सट्टे की खाईबाड़ी करते व्यक्ति को दबोचा, पर्ची व नगदी बरामद

**आगरा एनएनआई।** सट्टे की खाईबाड़ी कर रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर धर दबोचा। तलाशी के दौरान उसकी जेब से सट्टे की पर्चियां और नगदी पुलिस को बरामद हुई हैं। न्यायलय में हाजिर करने के बाद उसे जेल भेजा जाएगा। ट्रांसयमुना थाना के टेडी बगिया चौकी इंचार्ज ऋषि कुमार शुक्रवार को रात्रि क्षेत्र में गश्त पर थे। हाथरस रोड माता वाली गली तक पहुँचे थे तभी मुखबिर द्वारा एक व्यक्ति द्वारा सट्टे की खाईबाड़ी करने की सूचना दी गई। मुखबिर की सूचना पर ऋषि कुमार अपने हमराह के साथ ईंट मंडी पहुँचे जहां ट्रेक्टर की आड़ में एक व्यक्ति सट्टे की खाईबाड़ी कर रहा था। घेराबंदी करते हुए पुलिस ने उसे मौके से धरदबोचा। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम मोहन (47वर्ष) पुत्र निनुमल निवासी एच ब्लॉक कालिंदी विहार बताया। तलाशी के दौरान पुलिस को उसके बाद से सट्टे की पर्चियां और 11 हजार 230 रुपये बरामद हुए।

# पत्नी के मायके जाने से नाराज पति ने लगाई फांसी



एनएनआई

**आगरा।** झगड़े बाद पत्नी के मायके जाने से नाराज पति ने कमरे में फांसी लगा अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सुबह के समय परिजनों को घटना की जानकारी हुई। मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पति की मौत की खबर सुनकर पत्नी और उसके मायके वाले भी घर पहुँच गए।

थाना एत्माद्दौला क्षेत्र के मोहन नगर,प्रकाश नगर नुनिहाई निवासी 20 वर्षीय गुरुदयाल पुत्र ... की ग्यारह महीने पहले ही खेरिया मोड़ से शादी हुई थी। शनिवार को किसी बात पर पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था जिसमे गुरुदयाल ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर दी। पत्नी ने अपने मायके पक्ष के लोग बुला लिए। मायके वाले अपनी बेटी को साथ लेकर चले गए। पत्नी के जाने के बाद गुरुदयाल ने अपने कमरे को अंदर से बंद कर लिया। काफी समय तक दरवाजा न खुलने पर सुबह 5 बजे करीब परिजनों ने जब कमरे का दरवाजा खटखटाया तो अंदर से कोई आवाज नही आई। खिड़की से देखने पर वह पंखे से लटका हुआ मिला। जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को पंखे से उतारकर नजदीकी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुँची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिया है। गुरुदयाल की घर के सामने ही कृष्णा गार्डन के नाम से वाटिका है जिसमे शादी ब्याज जैसे कार्यक्रम होते हैं।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

# हिंदूवादी महिला नेत्री के साथ गाली गलौज, दी धमकी

**आगरा एनएनआई।** हिंदूवादी महिला नेत्री संग दबंगो ने गाली गलौज करते हुए जातिसूचक शब्दो का प्रयोग कर जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने एक महिला सहित दो व्यक्तियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में नामजद मुकदमा दर्ज किया है।

ट्रांसयमुना थाना क्षेत्र के सुदामापुरी नारायच निवासी अखिल भारतीय हिन्दु महासभा से महिला मंडल अध्यक्ष मीना दिवाकर बीते बुधवार दोपहर 12 बजे वह अपनी दुकान पर जा रहीं थीं। रास्ते मे सपना चौधरी पत्नी संजू का विवाद चल रहा था जिसे देखने वह रुक गई। कुछ देर में पुलिस भी मौके पर पहुँच गईं। जब वह अपनी दुकान की ओर बढ़ी तो सपना उसके पति संजू और धर्मवीर पुत्र बलवीर ने उन्हें पकड़कर गाली-गलौज शुरू कर दी।

सपना ने उन्हें जातिसूचक शब्दो का प्रयोग करते हुए काफी अपमानित भरे शब्द कहे। हाथ पैर तोड़ने और जान से जान की धमकी तक दी गई। घटना के तुरंत बाद पीड़िता मीना दिवाकर द्वारा डायल 112 पर इसकी सूचना दी गई। उनके द्वारा थाने पर दबंग महिला सहित तीन लोगो के खिलाफ नामजद तहरीर दी गई। तहरीर मिलने के तीन दिन बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

घटना के बाद से मीना दिवाकर का आरोप है कि दबंगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने को लेकर सुबह-शाम वह थाने के चक्कर लगातार चक्कर लगाती रही। प्रभारी द्वारा उनकी कोई सुनवाई नही की गई। दबंगो की धमकी से वह और उनके परिवार पर जान का खतरा लगातार बना हुआ है। ट्रांसयमुना थाने में प्रभारी के ऑफिस में अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आत्मदाह की धमकी के बाद पुलिस शनिवार रात उनके आवास पर पहुँची और रात्रि में ही दबंगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया
## अपना आगरा

हर खबर पर पक्की नज़र

रविवार, 30 मार्च, 2025 www.nnindianews.com



# 11वीं निःशुल्क बस यात्रा कैलादेवी के लिए रवाना

**67 बसों में 4000 भक्तों को कैला देवी भेजा**



एनएनआई

**आगरा।** मां कैला देवी की 11वीं निःशुल्क बस यात्रा शनिवार को फतेहाबाद रोड स्थित टीडीआई मॉल के पीछे होटल स्टार ऑफ ताज से रवाना हुई बस यात्रा को एडीजी आगरा अनुपम कुलश्रेष्ठ ने नारियल फोड़कर रवाना किया। इस बार 67 बसों में 4000 से ज्यादा भक्तों को मां कैला देवी के दर्शन के लिए रवाना किया गया। समाजसेवी अतुल तिवारी ने बताया कि बस यात्रा में तमाम व्यवस्थाओं के साथ मां भगवती के भक्तों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो इसका भी पूरा इंतजाम किया जाता है। मां कैला देवी की यात्रा के लिए आगरा से रवाना हुए यात्रियों में खासा उत्साह देखा गया। यात्रा में शामिल सभी यात्रियों ने मां कैला देवी के दर्शनों के लिए इस निःशुल्क बस यात्रा को लेकर अतुल तिवारी के इस कार्य की सराहना की। इस मौके पर ब्रह्मदत्त शर्मा पवन अग्रवाल, धर्मेंद्र आर्य, नितिन वर्मा, कुमुद, काजल, भावना, खरेंद्र आदि लोग मौजूद रहे।

# दीक्षा भवन के स्वरूप में दिखेगा भीमनगरी का महल

- आवास विकास कॉलोनी स्थित सेक्टर-11 के मैदान में महल के बनावट का चल रहा काम



एनएनआई

**आगरा।** भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। आवास विकास कॉलोनी के सेक्टर-11 के मैदान पर भीम नगरी के महल को नागपुर के ऐतिहासिक बौद्ध तीर्थ स्थल दीक्षा भवन सांची स्तूप के स्वरूप देने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। भारत रत्न डॉ. बीआर आंबेडकर और उनके सैकड़ों समर्थकों ने 14 अक्टूबर 1956 में इसी स्थल पर बौद्ध धर्म लाखों अनुयायियों के साथ अपनाया था। आयोजन समिति के अध्यक्ष विजय सिंह कर्दम ने बताया कि कोलकाता से 80 से अधिक कारीगर भीम नगरी के महल को अंतिम रूप देने में लगे है। महल को 60 फीट ऊंचा और 120 फीट चौड़ा बनाया जा रहा है। महल के आगे जमीन से छह फीट ऊंची, 100 फीट लंबी और 50 फीट चौड़ी स्टेज बनाने निर्णय लिया है। भीमनगरी में मुख्य प्रवेश द्वार साँची के स्तूप के रूप में दिखेगा। महासचिव ई. महेश चंद्र ने बताया कि 15 से 17 अप्रैल तक आवास विकास कॉलोनी के सेक्टर-11 के मैदान में भीमनगरी समारोह का आयोजन होगा। शुभारंभ 15 अप्रैल को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। 16 को समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण मंत्री असीम अरुण की मौजूदगी में बौद्ध रीति-रिवाज से सामूहिक विवाह होंगे। 17 अप्रैल को कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार मेधावी छात्र-छात्राओं और समाज के प्रबुद्धवर्ग का सम्मान समारोह होगा। समापन पर ही अगले वर्ष भीम नगरी कहां सजेगी, इसकी घोषणा भी मंच से होगी।

## सपा सांसद के समर्थन में सौंपा ज्ञापन



**आगरा (एनएनआई)।** राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के समर्थन में कलेक्ट्रेट में राष्ट्रपति के नाम एसपी प्रकोष्ठ ने ज्ञापन सौंपा। इस दौरानमहानगर अध्यक्ष एससी प्रकोष्ठ मनीष कुमार, जिला अध्यक्ष एसी प्रकोष्ठ डॉ. रामसेवक अगरिया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी खेमराज सिंह एसपी प्रकोष्ठ, जिला उपाध्यक्ष एससी प्रकोष्ठ जितेंद्र कुमार, मेघ सिंह, जिला सचिव सोनेलाल कश्यप आदि मौजूद रहे।

# पूर्व मुख्यमंत्री का अपमान करने वालों पर हो कार्रवाईः सपाई

- सदर एसीपी विनायक भोसले से मिला सपा का प्रतिनिधिमंडल

एनएनआई



**आगरा।** जिला श्रीकृष्ण वर्मा के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल सदर एसीपी विनायक भोसले से मिला और गोविंद पाराशर एवं उसके साथियों पर केस दर्ज कार्रवाई करने की मांग की। गोविंद पाराशर निवासी अजीत नगर राजपुर चुंगी शमशाबाद रोड ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का पुतला फूंका। पुतले पर थूका। पोस्टर पर जूते-चप्पल मारकर अपमानित किया तथा अभद्र भाषा का प्रयोग किया। सपा प्रतिनिधिमंडल ने कड़ी निंदा करते हुए प्रशासन से कठोर कार्रवाई की मांग की। प्रतिदिन मंडल में जिला अध्यक्ष श्रीकृष्ण वर्मा, सुरेंद्र चौधरी, ममता टपलू, रामसहाय यादव, राजपाल यादव, पवन प्रजापति, राहुल चौधरी, विनय अग्रवाल, राजेश शर्मा, सुधीर दुबे, प्रह्लाद गुर्जर, तेजपाल यादव, राकेश अग्रवाल, वेद प्रकाश चौधरी, सोमेश गुप्ता, आदिल मिर्जा, संदीप यादव, मनीष कुमार, शिवपाल यादव, देवेंद्र राजपूत, लोधी महेश वर्मा, राजउद्दीन, आशुतोष वर्मा, हरेंद्र यादव, ऊदल सिंह, भरत सिंह, देवेंद्र यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# संकल्प के नव संवत्सर में बही काव्य रसधारा

एनएनआई

**आगरा।** संकल्प सेवा संस्था ने मां दुर्गा मंदिर नामनेर पर नव संवत्सर उत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। उद्घाटन सत्र में टीएन अग्रवाल, डॉ. अशोक शिरोमणी, भवेन्द्र शर्मा, पंकज मिश्रा, ब्रजेश पंडित सम्मिलित हुए।



सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में सर्वप्रथम माही वी. कुमार ने नटराज वंदना की। उत्कर्ष पंडित, यशस्य पंडित, प्रियांशी बत्रा, शिवानी, इच्छा, नव्या, पीएस डांस एकेडमी, रोहित राजपूत, आस्था शर्मा, शानु शर्मा आदि ने नृत्य प्रस्तुतियां दीं, आधिराज ने गीत प्रस्तुत किया। कवयित्रि पद्मावती बघेल एवं ज्योति शर्मा ने काव्य पाठ प्रस्तुत किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संयोजन अलका सिंह शर्मा ने किया। भूपेंद्र सिंह सोकि, सुनील दीक्षित, डॉ. जीएस धर्मेश, श्रीकृष्ण गोयल, डॉ. अंकुर बंसल, डॉ. निधि बंसल, राकेश चौधरी, राजेश अग्रवाल, सतीश पाहुजा, शैलेन्द्र वशिष्ठ, ब्रजेश अग्रवाल, मधु शर्मा, सुधा दुबे, राधा शर्मा, विनीता सिंह, शोभा मीणा, अर्जुन सिंह, सत्यप्रकाश अग्रवाल, आशीष लवानियां, राजदीप ग्रोवर मौजूद रहे। व्यवस्थाओं में अंशुल पंडित, पवन शर्मा, अर्जुन सिंह, दीप बघेल ने सहयोग दिया।

## करणी सेना पर कार्रवाई की मांग



**आगरा (एनएनआई)।** समाजवादी बाबा साहब आंबेडकर वाहिनी आगरा के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। जिसमें वाहिनी के प्रदेश महासचिव मुकेश कर्दम, प्रदेश उपाध्यक्ष मुन्ना खान, मीडिया प्रभारी पवन प्रजापति,प्रदेश सचिव ज्ञानेंद्र सिंह जाटव, महानगर अध्यक्ष रविंद्र मोहन, भारत भाई उदल सिंह जाटव आदि लोगों ने करणी सेना के पदाधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। करणी सेना ने सांसद रामजीलाल सुमन के आवास पर तोड़फोड़ की और परिवार पर जानलेवा हमला किया था।

newsnextindia1@gmail.com
NNI हर खबर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया


# हिंदू जल सेवा मंडली में बह रही आस्था की त्रिवेणी

## सत्संग, भजन और कीर्तन की धुन में झूम रहे सिंधी समाज के लोग

एनएनआई

**आगरा।** बंटवारे के बाद पाकिस्तान से आए सिंधी परिवारों ने काला महल में शरण ली थी। यहीं से चंद परिवारों ने भगवान झूलेलाल जयंती महोत्सव की परम्परा शुरू की। आज झूलेलाल जयंती शोभायात्रा का जो भव्य स्वरूप दिखाई देता है, वह प्राचीन परम्परा का ही विस्तार है। काला महल क्षेत्र में हर वर्ष झूलेलाल जयंती मनाई जाती है। इसी क्रम में शनिवार सुबह से पूजा-अर्चना के साथ धार्मिक कार्यक्रमों की शुरूआत हुई।

हिंदू जल सेवा मंडली (काला महल) द्वारा भगवान झूलेलाल जयंती पर सिंधी धर्मशाला में चार दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। काला महल के मंदिर और सिंधी धर्मशाला से समाज के लोगों का गहरा जुड़ाव है। काला महल पर श्री गिरधर गोपाल मन्दिर है, जिसकी स्थापना स्व. महाराज गिरधर लाल ने की थी और सिंधी धर्मशाला भी सबसे पुरानी है। गिरधर गोपाल मंदिर के महंत पंडित बंटी महाराज, प्रमुख समाजसेवी सूर्यप्रकाश और मेघराज दियालानी बताते हैं आजादी के बाद चंद परिवार ठेल पर भगवान झूलेलाल की प्रतिमा को विराजमान कर सीमित संसाधनों के साथ शोभायात्रा निकालते थे। अब यह आयोजन शहर का प्रमुख आयोजन बन चुका है।



शुक्रवार सुबह सिंधी धर्मशाला पर श्री अखंड पाठ साहब रखा गया, पूरे दिन सत्संग कीर्तन हुआ। शनिवार को भी धर्मशाला पर पर कई धार्मिक कार्यक्रम हुए। कल 30 मार्च को श्रीअखंड पाठ साहब का भोग होगा। श्रीअखंड पाठ साहब को काला महल क्षेत्र में भ्रमण कराया जाएगा। उसके बाद धर्मशाला पर विशाल भंडारा होगा। शाम को काला महल से शोभा यात्रा बैंड बाजों के साथ झाकियां निकाली जाएंगी। सभी कार्यक्रम बंटी महाराज के निर्देशन में संपन्न हो रहे हैं। आज के कार्यक्रम प्रमुख रूप से सूर्य प्रकाश, बंटी महाराज, मेघराज दियालानी, पार्षद रवि माथुर, राम चंद चाबरिया, ईश्वर दासवानी, महेश वाधवानी, विकास जेठवानी, मुक्कू भाई, तरूण हरजानी, कुनाल जेठवानी, सोनू मदनानी, मनोज मंगतानी, धीरज हासानी, रामचंद गुरनानी, सत्य प्रकाश मोटवानी, वरंद भाई, सुन्नी वाधवानी आदि मौजूद रहे।

# झूलेलाल के गीतों पर झूमे श्रद्धालु, डांडिया नृत्य ने मोहा सबका मन

## भगवान झूलेलाल के नाम सजी सिंधियत की सतरंगी शाम



**आगरा (एनएनआई)।** शिव पैलेस पर इस देव भगवान झूलेलाल साईं के नाम सिंधियत की सतरंगी शाम पर दो दिवसीय आयोजन सिंधी पंचायत शास्त्री पुरम ने किया। सर्वप्रथम भव्य सजे बहराणा साहिब विधायक पुरूषोतम खंडेलवाल सिंधी सेंट्रल पंचायत के चंद्रप्रकाश सोनी, श्याम भोजवानी, हेमंत भोजवानी, परमानंद आतवानी, जगदीश डोडानी, जेपी धमार्नी, तीरथदास वरलानी, नानक जगवानी, भारत वाधवानी, नरेश बत्रा ने ईष्टदेव भगवान झूलेलाल के समक्ष सात मुंह वाली ज्योति प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। झूलेलाल साईं की जय जयकार झूमते नाचते साईं के दरबार में सभी ने हाजरी भरी महिला मंडल द्वारा डांडिया नृत्य ने सभी का मन मोहा प्रख्यात सिंधी भगत बाबूलाल म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने झूलेलाल साईं के गीतों से समा बांधा। पूज्य सिंधी पंचायत शास्त्रीपुरम ने सतरंगी शाम में आए सभी अतिथियों को शॉल, झूलेलाल साईं की लॉकेट, माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष नानक चंद्र महामंत्री नरेश बत्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत वाधवानी, नारायण दास, आनन्द कुमार, भगवानदास, एम डी चावला, सागर, कपिल, हेमंत जेठानी, विक्रम मोहनानी मौजूद रहे।

# बेलगाम होते नारी सशक्तिकरण पर लगाम लगाएगी महिला शांति सेना

- अध्यक्ष वत्सला प्रभाकर बोलीं, कानून में बदलाव की संस्था उठाएगी देशव्यापी मांग
- स्कूल, कॉलेज और कार्यालयों में चलाया जाएगा जागरूकता अभियान

एनएनआई

**आगरा।** सशक्तिकरण का अर्थ मानसिक, शारीरिक और आर्थिक रूप से मजबूत होना है न कि बेलगाम हो जाना। हम सभ्य समाज में रहते हैं, हमें गलत को गलत और सही को सही कहना चाहिए। सिर्फ बेचारी है यह कहकर महिलाओं का गलत बात पर भी पक्ष न लें। इसके लिए जरूरी है कि कुछ कानूनों में बदलाव हो। इसके लिए महिला शांति सेना देशव्यापी अभियान चलाकर कुछ कानून में बदलाव की मांग उठाएगी। यह कहना था महिला शांति सेना की अध्यक्ष वत्सला प्रभाकर का।

शनिवार को महिला शांति सेना ने संजय प्लेस स्थित यूथ हॉस्टल में क्या महिला सशक्तिकरण का अर्थ 'बेलगाम' होना है, विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी में समाजसेवियों को बेबाकी से अपनी राय रखने के लिए आमंत्रित किया गया था।

अध्यक्ष वत्सला प्रभाकर ने बताया कि आज स्थिति यह है कि लड़के शादी करने से कतराते हैं, क्योंकि लड़कियां अकेले रहने की मांग करती हैं। संयुक्त परिवार में रहना आज लड़कियों को पसंद नहीं है। दूसरी मांग रखती हैं कि लड़का अपनी तनख्वाह उनके हाथ में दे। उन्होंने कहा कि आवश्यकता है कुछ कानून में बदलाव आए। जल्द ही उनकी संस्था स्कूल कॉलेज और कार्यालय में अभियान चलाकर कुछ कानून में बदलाव की मांग उठाएगी।

ब्रिगेडियर विनोद दत्ता ने कहा कि समाज के बदलते स्वरूप में पुरुषों का शोषण हो रहा है। हमारे सनातन शास्त्र और कानून महिलाओं को सबल बनाते हैं, लेकिन मेरठ में हुए मुस्कान कांड के बाद से आज पुरुष वर्ग डरा हुआ है।



डॉ. अशोक विज ने कहा कि आज महिलाएं पुरुषों के बराबर हैं। उन्हें पूर्ण रूप से अधिकार मिले हुए हैं किंतु विडंबना है कि अपने रक्षा के लिए बनाए गए कानून का वे दुरुपयोग कर रही हैं।

रागिनी श्रीवास्तव ने कहा कि परिवार सही का साथ दे। कौरव गलत थे और भीष्म पितामह ने साथ दिया। नतीजा महाभारत हुआ। इसी तरह परिवारों में होने वाली महाभारत परिवार के वरिष्ठ सदस्य रोक सकते हैं।

नरेश पारस ने कहा कि नैतिक मूल्य का पतन लगातार हो रहा है। उम्र का बंधन नहीं है। बड़े स्कूल में पढ़ाने वाली शिक्षिकाएं उसी स्कूल के बच्चों के साथ डेट पर जा रही हैं। जो महिलाएं लिव इन में रहती हैं उसी पुरुष के ऊपर बाद में मुकदमा दर्ज करवा देती हैं। आवश्यकता है कि सजग रहे हैं और अपने आसपास नजर रखें। विधु दत्ता ने कहा की माता-पिता बच्चों को समान रूप से संस्कार दें। बेटियों को सशक्त बनाने के साथ बेटों को भी कमजोर न रहने दें।

संतोष मित्तल ने कहा कि षड्यंत्र के तहत पुरुषों को आज फंसाया जा रहा है, समाज पुरुषों के अधिकारों के प्रति भी जाग जाए।

नूतन त्रिवेदी ने कहा कि कानून में बदलाव की बहुत जरूरत है। पूर्व पार्षद दीपक खरे ने कहा यदि महिला का उत्पीड़न हो रहा है तो दोष पूरी तरह से सिर्फ पुरुष का ही नहीं होता।

संचालन श्रुति सिन्हा किया। समापन पर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सचिव शीला बहल ने कहा कि बेटियों को विवेक सिखाएं, परिवार में रहना सिखाएं।

संगोष्ठी में आदर्श नंदन गुप्त, शरद गुप्त, शमी अगाई, आकांक्षा शर्मा, आनंद राय, एड मंजू द्विवेदी, कोषाध्यक्ष चंद्रा मल्होत्रा, रीता भट्टाचार्य, रीता कपूर, अदिति, नीलम गुप्ता, एड लक्ष्मी लवानिया, रूबी, सुनील क्षेत्रपाल, अनिल जैन, गौरव गुप्ता, ज्योति खंडेलवाल ने भी विचार रखें।

# सामूहिक प्रयास से होगा टीबी उन्मूलन : सीएमओ

- 15 ब्लॉक की 86 ग्राम पंचायतें हुई टीबी मुक्त, डीएम ने किया सम्मानित
- 100 दिन में 9.34 लाख की टीबी स्क्रीनिंग, प्रदेश में आगरा अव्वल

एनएनआई

**आगरा।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में शनिवार को गोष्ठी का आयोजन करके विश्व क्षय रोग दिवस मनाया गया। जिलाधिकारी अरविन्द मलप्पा बंगारी ने टीबी मुक्त हुई ग्राम पंचायत के प्रधानों को सम्मानित किया।

सीएमओ डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि इस वर्ष विश्व क्षय रोग दिवस की थीम- यस वी कैन एंड टीबीः कमिट, इंवेस्ट, डिलीवर रखी गई है। सीएमओ ने कहा कि टीबी को हमें सामूहिक प्रयास से उन्मूलन करने की दिशा में काम करना है। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के अंतर्गत प्रत्येक सुविधाएं दूर दराज के इलाकों में भी उपलब्ध हों, जिससे आमजन को लाभ प्राप्त हो सके। स्वास्थ्य के क्षेत्र में जनसहभागिता से टीबी मुक्त भारत की कल्पना की जा सकती है। डीटीओ डॉ. सुखेश गुप्ता ने बताया कि 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान एक जनवरी से 24 मार्च तक चलाया गया। इसमें जनपद की जनसंख्या (824664) को मैप्ड किया गया। 16835 निःक्षय शिविर लगाकर तथा दो निःक्षय वाहनों के माध्यम से 933420 लोगों की स्क्रीनिंग की गई। अभियान के दौरान 16996 लोगों की नाट जांच की गई तथा 18204 लोगों की माइक्रोस्कोपी की जांच की गई। इसके अतिरिक्त अभियान अवधि में 4300 से अधिक क्षय रोगियों को पोषण पोटली का वितरण किया गया। अभियान अवधि में टीबी नोटिफिकेशन में जनपद आगरा ने प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया।



# साइबर सुरक्षा और नए आयकर कानून पर हुई सार्थक चर्चा

एनएनआई

**आगरा।** इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की आगरा शाखा की ओर से दो दिवसीय सेमिनार में बैंक ऑडिट और फेमा, जीएसटी के तहत इनपुट टैक्स क्रेडिट, नया आयकर विधेयक, एसएमपी के लिए उभरते अवसर और पेशेवरों के लिए साइबर सुरक्षाह्वपर चर्चा की गई है। सेमिनार का उद्घाटन आगरा कोल्ड स्टोरेज एसो. के अध्यक्ष भुवेश अग्रवाल, वक्ता सीए डॉ. गिरीश आहूजा, सीए प्रतिभा नटानी, सीए अतुल भेडा, मुंबई से सीए गौरव सिंघल, सीए सौरभ नारायण सक्सेना, सीए अंकित मित्तल, सीए करण पंजवानी, सीए आयुष गोयल, सीए सचिन बूबना, सीए साक्षी विवेक जैन ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। सीए गौरव सिंघल ने स्वागत भाषण किया। प्रथम सत्र में सीए डॉ. गिरीश आहूजा ने नया आयकर विधेयक और इसकी विशेषताएं के बारे में चर्चा की। दूसरे सत्र में सीए प्रतिभा नटानी, नोएडा ने साइबर सुरक्षा पर बात की। कहा कि साइबर फ्रॉड और साइबर क्राइम कि घटनाएं बढ़ रहीं हैं, उनसे चार्टर्ड एकाउंटेंट्स को सतर्क रहने कि जरूरत है। तृतीय सत्र में सीए अतुल भेड़ा ने एसएमपी के लिए सूर्योदय के अवसर और क्षमता निर्माण के बारे में ज्ञान वर्धन किया।




सेमिनार का संचालन सीए कनिका अग्रवाल एवं सीए गुनदीप सिंह आहूजा ने किया गया। सेमिनार के अंत में सभी सदस्यों का आभार शाखा के सचिव सीए अंकित मित्तल ने किया। सेमिनार में शिवम अग्रवाल, संजीव सिंह ठाकुर, नितेश गुप्ता, शिल्पी मित्तल, प्रदीप अग्रवाल, राकेश जैन, पियूष अग्रवाल, ऋषि अग्रवाल, दुर्गेश अग्रवाल, यतेन्द्र जैन, अमित शर्मा, आनंद बंसल, प्रवीण भोजवानी, शशांक तिवारी, राहुल यादव, अलोक शर्मा, अतुल गुप्ता, स्पर्श अग्रवाल, ईशा नारंग , राकेश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# स्कूलों की मनमानी पर लगे रोक

## अभिभावक संघ और श्री बांकेबिहारी एजुकेशन सोसाइटी ने प्रशासन से की शिकायत

एनएनआई

**आगरा।** आगरा में स्कूलों की मनमानी, महंगी किताबें और ड्रेस को लेकर शिकायत प्रशासन से की गई है। अभिभावक संघ और श्री बांके बिहारी एजुकेशन समिति ने ज्ञापन सौंपकर इस मनमानी पर रोक लगाने की मांग की है। जिले में स्थित सीबीएसई बोर्ड,आईसीएससी बोर्ड, यूपी बोर्ड के स्कूलों में अनेक अनियमितताएँ देखी जा रही हैं, जिससे विद्यार्थियों और अभिभावकों को आर्थिक तथा मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विभिन्न स्कूलों द्वारा अनावश्यक शुल्क वसूलने,महंगी किताबें व यूनिफॉर्म खरीदने की अनिवार्यता,अतिरिक्त फीस लेने,तथा पारदर्शिता की कमी जैसी समस्याएँ सामने आ रही हैं।



**इन समस्याओं को उठाया**

**1. निर्धारित दुकानों से खरीददारी की बाध्यता:** स्कूल केवल कुछ विशेष दुकानों से पुस्तकें,यूनिफॉर्म और स्टेशनरी खरीदने के लिए बाध्य करते हैं, जिससे कीमतें अनावश्यक रूप से बढ़ा दी जाती हैं।

**2. अत्यधिक फीस वसूली:** ट्यूशन फीस के अलावा कंप्यूटर फीस,लाइब्रेरी फीस, खेल शुल्क आदि लिए जाते हैं,जबकि कई छात्रों को इन सेवाओं का पूरा लाभ नहीं मिलता।

**3. वार्षिक शुल्क और विकास शुल्क:** ये शुल्क बिना किसी पारदर्शिता के वसूले जाते हैं, जिनका कोई प्रत्यक्ष लाभ विद्यार्थियों को नहीं मिलता।

**4. कार्यक्रमों के लिए अनिवार्य शुल्क:** सांस्कृतिक कार्यक्रमों,खेल प्रतियोगिताओं और कार्यशालाओं के लिए अतिरिक्त शुल्क लिया जाता है।

**5. स्कूल परिवहन की अनिवार्यता:** कई स्कूल निजी परिवहन की अनुमति नहीं देते और अपनी महंगी परिवहन सेवा को अनिवार्य कर देते हैं।

**6. अतिरिक्त कक्षाओं का शुल्क:** बोर्ड परीक्षाओं के दौरान अतिरिक्त कक्षाओं या कोचिंग का शुल्क अलग से लिया जाता है।

**7. डिजिटल शिक्षा शुल्क:** कंप्यूटर और टेक्नोलॉजी फीस वसूली जाती है, भले ही विद्यार्थियों को इन संसाधनों का पूरा लाभ न मिले।

**8. अन्य अनावश्यक शुल्क:** स्कूल फंड, भवन निर्माण फंड, शैक्षिक टूर और पार्किंग शुल्क के नाम पर अतिरिक्त वसूली की जाती है।

**9. शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत सभी निर्धन छात्र छात्राओं को प्रवेश कराया जाए।**

ज्ञापन देने वालों प्रमुख रूप से डॉ मदन मोहन शर्मा अध्यक्ष श्री बांके बिहारी एजुकेशनल सोसाइटी, नकुल सारस्वत, उमेश सिंह, एडवोकेट ब्रज वर्मा, उत्कर्ष त्यागी, सोम शर्मा, मोहित सिंह, प्रिंस यादव, संदीप यादव, अनिकेत शर्मा, दीपक, गब्बर राजपूत, विधायक शर्मा, नवीन खुबानी आदि लोग उपस्थित थे।



# त्यौहारों व धार्मिक आयोजनों को लेकर साफ-सफाई की मांग

**आगरा** एनएनआई। समाजवादी पार्टी की ओर से नगर आयुक्त को ज्ञापन देकर त्यौहारों पर साफ-सफाई की मांग की गई है। सपा नेता विनय अग्रवाल के नेतृत्व में नगर आयुक्त आगरा की अनुपस्थिति में अपर नगर आयुक्त सत्येंद्र तिवारी को दिए गए ज्ञापन में मांग की है कि नवरात्रि, ईद, दक्ष कन्या माँ भगवती की शोभायात्रा, अंबेडकर जयंती के साथ ही मां चामुंडा राजा मंडी पर जागरण एवं भंडारे का विशाल कार्यक्रम है। नगर निगम आगरा संपूर्ण शहर में खासकर गली मोहल्लों में साफ सफाई, चूने का छिड़काव, उफनते हुए सीवर की सफाई, टूटी हुई सड़कों को बनवाना, लाइट व्यवस्था आदि सुचारू रूप से करवाये। अपर नगर आयुक्त ने सभी मांगों को लेकर आश्वत किया है। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से प्रदेश सचिव प्रदेश सचिव व्यापार सभा राकेश अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष व्यापार सभा सोमेश गुप्ता, दक्षिण विधानसभा उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल, दक्षिण विधानसभा सचिव अंकेश वशिष्ठ, वरिष्ठ नेता नीरज रतप्रिया आदि थे।

सपा नेता विनय अग्रवाल ने अपर नगर आयुक्त को दिया ज्ञापन



# अटेंशन क्राइम वेबसीरीज का पोस्टर एवं ट्रेलर लांच

**आगरा।** एस महादेवन फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले बनी अटेंशन क्राइम नाम की एक वेबसीरीज का पोस्टर एवं ट्रेलर लांच किया गया। यह वेबसीरीज आठ एपिसोड में बनाई गई है जो कि अप्रैल में ओ टी टी पर रिलीज होगी। प्रोड्यूसर डायरेक्टर रजनी शर्मा है। ग्लैमर लाइव फिल्म्स के ऑफिस में फि ल्म के एक्टर सुनील बिरथरे निदेशक और कुछ क्रू मेम्बर थे। फि ल्म लेखक निर्देशक सूरज तिवारी ने बताया कि फिल्म की कहानी कलाकार और सेलिब्रिटी को फसाकर किडनैप करना फिरौती मांगने पर आधारित है। इस दौरान गीत लेखक संजय दुबे, ब्रज रिकॉर्ड म्यूजिक लेबल के शिव कुमार सिंह, डीओपी कमल लोखंडवाला, अंशी गोयल, विशु सिंघानिया आदि मौजूद रहे।

# ‘यमुना निर्मल, अविरल कैसे बहे’ पर हुई गोष्ठी

**आगरा।** यमुना आरती स्थल पर आयोजित एक महत्वपूर्ण गोष्ठी में यमुना नदी की दुर्दशा और उसे पुनर्जीवित करने के उपायों पर गहन चर्चा हुई। **यमुना निर्मल, अविरल कैसे बहे आगरा में?** विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में नागरिकों, पर्यावरणविदों और सामाजिक कार्यकताओं ने हिस्सा लिया तथा यमुना के प्रदूषण और जल प्रवाह की समस्या पर चिंता जताई। गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार ऋषि दीक्षित ने की।

कार्यक्रम में गिर्राज शर्मा, वीरेंद्र गोस्वामी, पद्मिनी अय्यर, मीरा खंडेलवाल, वत्सला प्रभाकर, नरेश पारस, डॉ मुकुल पांड्या, राजीव गुप्ता, पंडित जुगल किशोर, गोस्वामी नंदन श्रोत्रिय, मुकेश, चतुर्भुज तिवारी, आनंद राय, डॉ देवाशीष भट्टाचार्य, ज्योति खंडेलवाल, विशाल झा, शहतोश गौतम, हुटेंद्र पल सिंह, निधि पाठक ने भाग लिया।



डॉ देवाशीष भट्टाचार्य ने कहा कि यमुना को प्रदूषण-मुक्त और अविरल बनाने के लिए बैराज निर्माण और डिसिल्टिंग की तत्काल आवश्यकता है। डॉ आनंद राय ने कहा कि पिछले वर्षों में किए गए वादे (जैसे 2015 में फैरी क्रूज का वादा) अभी तक पूरे नहीं हुए। सामाजिक कार्यकर्ता नरेश पारस ने कहा कि न तो घाटों का निर्माण हुआ, न अतिक्रमण हटे, न नालों को बंद किया गया और न ही आगरा को उसका न्यायसंगत जल हिस्सा मिला।

वीरेंद्र गोस्वामी ने कहा कि यमुना नदी न केवल आगरा की सांस्कृतिक धरोहर है, बल्कि यह कृषि, पर्यावरण और जनजीवन का आधार भी है। लेकिन औद्योगिक व घरेलू कचरे के कारण यमुना का पानी विषैला हो चुका है। चतुर्भुज तिवारी ने कहा कि बैराज निर्माण से यमुना में पानी का स्तर बढ़ेगा और प्रवाह सुनिश्चित होगा। डिसिल्टिंग (गाद हटाने), घाटों का नवीनीकरण और अतिक्रमण हटाने की तत्काल आवश्यकता है। रिवर कनेक्ट कैंपेन के संयोजक बृज खंडेलवाल ने कहा, "यमुना को बचाने के लिए हमें एकजुट होकर काम करना होगा। सरकार को अपने वादों को पूरा करना चाहिए और जनता को भी जागरूक होकर नदी की सफाई में सहयोग देना चाहिए।"

# राष्ट्र सेविका समिति के नवसंवत्सर मेले में बिखरे रंग

**आगरा** एनएनआई। राष्ट्र सेविका समिति द्वारा 40 वें भव्य मेले का सफल आयोजन किया गया। यह मेला भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों के संरक्षण हेतु नववर्ष की पूर्व संध्या यानी चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से एक दिन पहले अमावस्या के दिन लगाया जाता है। इस बार के मेले में पुण्य श्लोका अहिल्याबाई होलकर जी की 300 वी जयंती को ध्यान में रखते हुए चारित्रिक विषय लोगों के संज्ञान में आए और समाज में कर्तव्यनिष्ठ होने की भावना बढ़े इस बात का भी खास ख्याल रखा गया है

मेले की अध्यक्षता शहर की महापौर श्रीमती हेमलता दिवाकर ने की साथ ही मेले में शहर के अनेक गणमान्य लोगों की उपस्थिति भी रही। मेयर हेमलता दिवाकर जी ने आगरा की महापौर होने के नाते राष्ट्र सेविका समिति के मंच से सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की। आपने राष्ट्र सेविका समिति से जुड़ने के अपने सुखद अनुभव सांझा किए। आपने कहा युवा पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ने की समिति के प्रयास की और इस विषय पर 40 वर्षों के राष्ट्रीय सेवा विकास समिति कार्य कर रही है। मेले में विशिष्ट अतिथि के तौर पर जॉइंट कमिश्नर इनकम टैक्स राधा रानी शर्मा जी एवं आगरा की प्रथम सीए महिला अमीता गर्ग रहीं।



मेले में विभिन्न प्रकार के उत्पादों की 50 दुकानें लगाई गई जिसमें खाने पीने से लेकर कपड़ों , किताबों , इलेक्ट्रॉनिक आइटमों की बिक्री हुई। मेले में स्वास्थ्य विभाग आगरा के सहयोग से निशुल्क नेत्र जांच शिविर भी लगाया गया। मेले में बच्चों ने झूलो का आनंद लिया, साथ ही आगंतुकों ने मिलेट से बनने वाले विभिन्न व्यंजनों का भी स्वाद लिया। विशेष रूप से महिलाओं ने खूब खरीददारी की। मेले में जो विभिन्न प्रतियोगिताएं रखी गई थी उसमें प्रतियोगिताओं के नाम थे चित्रकला, थाल सज्जा, हमारा घर हमारा परिवार, भारत के पर्व, अहिल्याबाई होल्कर ,लेखन, मेहंदी, 50 मीटर दौड़, चम्मच नींबू दौड़, सुई धागा दौड़, कुर्सी दौड़, शंख एवं विविध प्रतियोगिताएं हुई।

NNI हर खबर पर पक्की नज़र न्यूज नेक्स्ट इंडिया


# हाईटेंशन की चिंगारी से फसलें राख

## कागारौल में गेहूं के खेत में लगी आग

**कागारौल** एनएनआई। थाना कागारौल अंतर्गत बेरी चाहर के गांव छोटिया में मुकेश पुत्र लाल सिंह के गेहूं के खेत के ऊपर से गुजर रही हाइटेंशन विद्युत लाइन के तारों में स्पार्किंग होने पर तारों से निकली चिंगारी से गेहूं के खेत में आग लग गई। जिससे किसान के खेत में कटी पड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। पीड़ित किसान मुकेश ने बताया कि आग लगने पर तुरंत इसकी सूचना पीआरवी 112 नंबर, थाना पुलिस और फायरब्रिगेड को देदी। किसान मुकेश ने बताया कि वह पास के खेत में ही गेहूं काट रहे थे। ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन लाइन में स्पार्किंग हुई, जिसकी चिंगारी गिरने से खेत में आग लग गई। आग लगने से किसान की करीब एक बीघा गेहूं के खेत की फसल जलकर राख हो गई। आग लगने की सूचना पर पुलिस बल और फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। ग्रामीण राजेश ने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से भागदौड़ कर खेतों में आग को फैलने से रोक लिया गया। अन्यथा आग विकराल रूप ले सकती थी और आसपास किसानों के खेतों में कटी पड़ी गेहूं की फसल जलकर राख होते देर नहीं लगती।





## जरार में एचटी लाइन की चिंगारी से गेंहू और जौ का लांक जला

**बाह** एनएनआई। जरार में शाम एचटी लाइन में हुए फाल्ट की चिंगारी से रामलखन के गेंहू और जौ के लांक में आग लग गई। रामलखन ने अग्निशमन विभाग को बताया कि डेढ़ बीघा रकवे में जौ की फसल, तीन बीघा रकवे में गेंहू की फसल की कटाई कर लांक मड़ाई के लिए रख दिया था। शनिवार की शाम एचटी लाइन में हुए फाल्ट की चिंगारी से लांक में आग लग गई। आग और धुआं उठने पर बाह से पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाया। अधिकांश फसल जल कर नष्ट हो गई। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से नुकसान के आंकलन और मुआवजे की मांग की है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

एनएनआई

**कासगंज।** ढोलना थाना क्षेत्र में बीती देर शाम अज्ञात बाहन ने बाइक सवार दो लोगों को टक्कर मार दी, जिससे हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों मृत युवकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। वहीं युवकों की मौत की खबर सुन उनके घर में कोहराम मचा हुआ है।

बताया जाता है कि सोरों कोतवाली क्षेत्र के गांव विरोंची निवासी अखिलेश पुत्र भूपसिंह अपने साथी संग्राम सिंह पुत्र इंद्रपाल सिंह के साथ बाईक द्वारा बीते दिवस किसी कार्य से कासगंज के नदरई कस्बा आया हुआ था। बीती देर शाम दोनो बाइक सवार नदरई कस्बे से बापस अपने गांव विरोची जा रहे थे। तभी उन्हें भगवंतपुर पुल के समीप अज्ञात बहन ने टक्कर मार दी। जिससे हादसे में बाइक सवार अखिलेश की मौके पर ही मौत हो गई जबकि संग्राम गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल संग्राम सिंह को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया। वहीं परिजन संग्राम को अलीगढ ले जा रहे थे, तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। परिजन संग्राम के शव को वापस जिला अस्पताल ले आये। वहीं पुलिस ने दोनों युवकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। और पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही। वहीं दोनों युवकों की मौत के बाद उनके घरों में मातम का माहौल छाया हुआ है। वहीं ढोलना थाना प्रभारी गोविंद बल्लभ शर्मा ने बताया कि दोनों मृतकों के परिजनों की और से अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल अज्ञात वाहन की तलाश जारी है।

## किशोरी को 12 घंटे में पुलिस ने किया बरामद

**सैंया** एनएनआई। थाना सैंया क्षेत्र के गांव से घर से लापता 14 वर्षीय किशोरी को पुलिस ने 12 घंटे में बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी युवक को न्यायालय मे पेश किया है।

बीते गुरुवार रात्रि थाना क्षेत्र के गांव से 14 वर्षीय किशोरी घर से चली गयी थी। परिजनों ने शुक्रवार सवेरे किशोरी के बारे मे खोजबीन की। किशोरी का कोई पता नहीं चला। परिजनों ने थाना पुलिस को घटना की सूचना दी थी। परिजनों ने गांव के ही युवक पर शक जताया था। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। इंस्पेक्टर उपेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि तेहरा चौकी प्रभारी शिवेन्द्र कुमार ने सर्विलांस टीम की सहायता से शुक्रवार रात्रि आरोपी दीपक पुत्र पप्पू निवासी ग्राम ताहरपुर को मथुरा से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को किशोरी भी आरोपी के पास ही मिल गयी। किशोरी काफी डरी और सहमी हुई थी। पुलिस ने आरोपी दीपक को न्यायालय में पेश किया है।

## विवाहिता की मौत, हत्या का आरोप

एनएनआई

**कागारौल।** मलपुरा के गांव घड़ी हरलाल में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। मामले की जानकारी पर मृतका के परिजन पहुंच गए। उन्होंने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। पुलिस ने बमुश्किल उन्हें समझाया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम गृह भेज दिया।



अलीगढ़ के थाना पिसावां के गांव मेहताबपुर निवासी महेंद्र ने वर्ष 2014 में अपनी बेटी हेमलता और श्रीदेवी उर्फ भूरी की शादी क्रमशः संजय नौहवार और धर्मेन्द्र से की थी। संजय नेवी से सेवानिवर्त हैं। संजय पत्नी हेमलता और तीन बच्चों के साथ गांव हरलाल की घड़ी स्थित विनायक गार्डन कालोनी में किराए के मकान में रह रहे थे। हेमलता के भाई दीपक ने बताया कि संजय बहन को परेशान रखते थे। शनिवार सुबह हेमलता की मृत्यु की जानकारी मिली। वे विनायक गार्डन पहुंचे। कमरे में फर्श पर हेमलता का शव पड़ा मिला। दुपट्टा का फंदा उसके गले में फंसा हुआ था। घर से संजय सहित अन्य ससुरालीजन फरार थे। मृतका के मायका पक्ष के लोगों ने हंगामा के शुरू कर दिया। मामले की सूचना पर एसीपी सैंया देवेश कुमार सहित थाना मलपुरा पुलिस पहुंच गई। उन्होंने मृतका के स्वजनों को समझाया। लेकिन महिलाएं कालोनी के मार्ग पर बैठ गई। उन्होंने शव को नहीं उठने दिया। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर शव को पोस्टमार्टम गृह भेज दिया। एसीपी सैंया ने बताया कि मामले में तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## गृह कलेश में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**पिनाहट** एनएनआई। गृह कलेश से तंग युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। कस्बा के मुहल्ला मार निवासी निवासी मोनू उर्फ मोहन पुत्र विजय किशोर उम्र करीब 28 बर्ष ने अपने घर के कमरे में शनिवार शाम करीब चार बजे पंखे रस्सी डालकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतक के बड़े भाई जीतू को जब कमरा अंदर से बंद होने पर शक हुआ। तो कमरे के दरवाजे को तोड़कर अंदर देखने पर मोनू पंखे से लटका मिला है। स्वजन के अनुसार मोनू नाई का काम करता था। शराब का आदी होने के कारण घर में पत्नी पूनम देवी से क्लेश होता था। इसी कारण फांसी लगाई है। मृतक अपने पीछे एक बेटा लड्डू उम्र करीब एक बर्ष छोड़ गया है। पांच बर्ष पूर्व शादी हुई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



# कंस मेला पर निकली श्रीकृष्ण-बल्देव शोभायात्रा

एनएनआई

**फतेहपुर सीकरी।** ऐतिहासिक कंस मेला के अवसर पर श्री कृष्ण बलदेव शोभा यात्रा बैंड बाजों के साथ निकाली गई। कंस मेला कमेटी के संयोजन में श्रीकृष्ण-बल्देव शोभा यात्रा का तेहरा गेट से शुभारंभ हुआ। श्री कृष्ण बलदेव स्वरूपों की विधायक चौधरी बाबूलाल, डॉ रामेश्वर चौधरी, अध्यक्ष अंजुल गोयल ने आरती उतार कर किया।

शोभा यात्रा में गणेश जी महाराज, अघोरी शिव, राधा कृष्ण, खाटू नरेश, दुर्गा माता, राम दरबार, बांके बिहारी लाल समेत दर्जन भर झांकियां बैंड बाजों के साथ सम्मिलित रहीं। शोभायात्रा कांदउबार, चूड़ीबाजार, सराफा बाजार, मुख्य बाजार, घंटाघर होते हुए बस स्टैंड स्थित कंस टीला पर पहुंची। जहां श्री कृष्ण बल्देव स्वरूपों ने कंस का वध किया। इस मौके पर रंगीन आतिशबाजी की गई। कमेटी द्वारा झांकियों के स्वरूपों, बैंड संचालकों एवं सहयोगियों का स्वागत व सम्मान किया गया।



वहीं बस स्टैंड क्षेत्र में लगे मेला में महिलाओं बच्चों एवं ग्रामीणों ने दुकानों से जमकर खरीदारी की तथा जलेबी इमरती व अन्य मिठाइयों का लुफ्त उठाया। मेला व शोभा यात्रा में सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र दहिया कस्बा चौकी प्रभारी गौरव राठी सर्कल के पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे। शोभा यात्रा में पूर्व चेयरमैन टी सी मित्तल, अंजुल गोयल, मुकुल अग्रवाल, राहुल घाटी, नेमीचंद गर्ग, पंकज गर्ग, हनी गोयल, मनोज बंसल, मनोज अग्रवाल, मनीष गर्ग, अनुराग गोयल, मदन गर्ग आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# सवर्ण समाज ने सपा सांसद के विरोध में दिया ज्ञापन

एनएनआई

**कासगंज।** सवर्ण समाज के लोगों ने शनिवार को सपा सांसद रामजीलाल सुमन के द्वारा राणा सांगा पर दिए गए बयान का विरोध करते हुए सपा सांसद की सदस्यता खत्म करने की मांग को लेकर राष्ट्रपति संबोधित एक ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा है। आपको बतादे शनिवार को सवर्ण समाज के लोगों ने जिला कलेक्ट्रेट पर सपा सांसद रामजीलाल सुमन के खिलाफ नारेबाजी करके प्रदर्शन किया। वहीं प्रदर्शन करने के दौरान सवर्ण समाज के जिलाध्यक्ष निर्मल उपाध्याय ने जानकारी देकर बताया की सपा के राजयसभा सांसद रामजीलाल सुमन के द्वारा बीते दिनों देश के महान वीर योद्धा महाराणा सांगा के प्रति अभद्र तथा अमर्यादित टिप्पणी की थी। जिससे सवर्ण समाज के साथ साथ पूरे देश में आक्रोश है। इसलिए राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को दिया गया है। और इस ज्ञापन में समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन की सदस्यता समाप्त कर आवश्यक कठोर कार्रवाई किए जाने के मांग की है। क्योंकि राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के द्वारा किए गए इस कृत्य की घोर निन्दा करती हैं। देश के किसी महापुरुष का सार्वजनिक रूप से अपमान करना देश द्रोह के समान कारित किए गए अपराध के समान है।

## संपादकीय

# मुसीबत का अब अहसास!

दुनिया में मची उथल-पुथल से भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए भी प्रतिकूल हालात बने हैं, उसका अहसास अब भारत सरकार को भी हुआ है। लगातार मजबूत आर्थिक बुनियाद के दावे को आगे बढ़ाते रहे वित्त मंत्रालय ने अब कहा है कि भू-राजनीतिक तनावों, व्यापार नीति संबंधी अनिश्चितताओं और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कॉमोडिटी के मूल्यों में उतार-चढ़ाव के कारण अगले वित्त वर्ष में भारत के आर्थिक विकास के लिए गंभीर जोखिम पैदा हो गए हैं। अपनी मासिक आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट में मंत्रालय ने कहा है कि शुल्क संबंधी नीतिगत घटनाओं ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए जोखिम और बढ़ा दिया है, जिसका असर निवेश पर भी पड़ रहा है। जाहिर है, मंत्रालय का इशारा अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के टैरिफ वॉर की तरफ है, जिसमें अगले दो अप्रैल को नया आयाम जुड़ेगा, जब ट्रंप जैसा को तैसा टैरिफ प्रणाली लागू करेंगे। जिसका असर अमेरिका होने वाले हर तरह के निर्यात पर पड़ेगा। उसकी खास मार भारत पर पड़ सकती है। अमेरिकी व्यापारियों को भारत में गुणवत्ता नियंत्रण संबंधी नियमों पर भी एतराज है। अमेरिकी दुग्ध व्यापारियों का संगठन-आईडीएफए चाहता है कि भारत का डेयरी बाजार अमेरिकी उत्पादकों के लिए खुलवाया जाए। गेहूं, सोयाबीन, और ड्राई फ्रूट कारोबारियों ने भारत में कथित ऊंचे शुल्क और अन्य रुकावटों की तरफ अपनी सरकार का ध्यान खींचा है। अमेरिकी दवा उद्योग भारत के पेटेंट कानून का मसला उठा ही चुका है। अमेरिका ने स्टील और अल्यूमिनियम पर 25 प्रतिशत का जो शुल्क लगाया, उससे भारत के संबंधित उद्योग प्रभावित हो चुके हैं।यह साफ है कि बात अब सिर्फ टैरिफ की नहीं रह गई है। ट्रंप प्रशासन ने द्विपक्षीय संबंधों में अधिकतम लाभ वसूलने की नीति खुलेआम अपना रखी है। अब यह भी साफ है कि उनकी इस नीति के पीछे अमेरिका के शक्तिशाली कॉरपोरेट्स, कृषि कंपनियां, एवं टेक इंडस्ट्री समूह मजबूती से खड़े हैं। वित्त मंत्रालय ने मौजूदा हालात के बीच विभिन्न देशों में बने संदेह और हताशा के माहौल का उल्लेख किया है और भारतीय कारोबारियों को सलाह दी है कि वे वैसी भावनाओं से प्रभावित होने से बचें। मगर कैसे, यह सवाल सबके मन में उठेगा। नई परिस्थितियों में यह अहसास अधिक गहराई से होने लगा है कि सब कुछ हरा-भरा होने और नई सदी भारत की होने के बनावटी कथानकों में फंसे रहना अब कितनी बड़ी मुश्किल का कारण बन गया है। नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम की टिप्पणी पर ध्यान देने की जरूरत है उन्होंने कहा कि कभी-कभी जब मैं भारतीय अर्थव्यवस्था के बारे में सोचता हूं, तो मुझे चिंता होती है। हमारे यहां बड़ी संख्या में बड़ी कंपनियां हैं। जबकि मझौली कंपनियों की संख्या बड़ी कंपनियों से भी कम है। वैसी स्थिति में आर्थिक वृद्धि कहां से हासिल होगी? यह स्थिति संस्थागत, ढांचागत रूप लिए हुए है। उन्होंने अफसोस जताया कि भारत में ऐसी मध्यम- आकार की कंपनियां पर्याप्त संख्या में नहीं हैं, जो अपने को बड़ी कंपनी बना सकने की स्थिति में हों, जबकि एमएसएमई का विकास विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए यह निर्णायक महत्त्व का है।एमएसएमई सेक्टर बदहाल है और इसकी वजह ढांचागत है, इस हकीकत पर सरकारी हलके के किसी बड़े अधिकारी की तरफ से यह शायद सबसे स्पष्ट स्वीकारोक्ति है। ये हाल क्यों है? संसद की लोक लेखा समिति ने अपनी एक ताजा रिपोर्ट में जीएसटी संबंधी प्रक्रियाओं को इसका बड़ा कारण माना है। वैसे तह में जाया जाए, तो एमएसएमई क्षेत्र की मुसीबत की कुछ वजहें सरकारी नीतियों और कदमों में तलाशी जा सकती हैं। उनमें एक खास कदम नोटबंदी था।अब शायद ही इस पर कोई संदेह बचा हो कि नोटबंदी ने इस क्षेत्र की जो कमर टूटी, वह आज तक दुरुस्त नहीं हो सकी है। इन तथ्यों को याद करना इसलिए जरूरी है कि जब तक इन कारणों से उपजी समस्याओं का हल नहीं सोचा जाता, कोई ऊपरी पहल एमएसएमई सेक्टर को उबार नहीं सकती। मध्यम अर्थव्यवस्था के बदहाल होने का नतीजा बढ़ी गैर-बराबरी के रूप में आया है। किसी बाजार के खुशहाल होने की पहली शर्त मध्य वर्ग का विस्तार और इस तबके के एक हिस्से का धनी तबके में अनवरत शामिल होना होता है। लेकिन यही क्रम ठहर गया है। सरकार इससे खुद के बेखबर होने का दिखावा करती रही है। मगर सरकारी अधिकारी इसे महसूस करते हैं, यह बात सुब्रह्मण्यम की टिप्पणी से जाहिर हुई है। भू-राजनीतिक स्थितियां कोरोना काल के बाद से बिगड़ने लगी थीं। अमेरिका में उभर रही राजनीतिक स्थितियों से अंतरराष्ट्रीय बाजार में गंभीर चुनौतियों के अंदेशे काफी पहले जाहिर होने लगे थे। इन सबके बीच यह सोच अपने-आप में समस्याग्रस्त थी  कि भारतीय अर्थव्यवस्था इन सबसे बेदाग बच निकलेगी। इन्हीं भ्रमों के कारण जब स्थितियां अपेक्षाकृत अनुकूल थीं, तब ऐहतियाती उपायों की जरूरत नहीं समझी गई। अब झंझावात में भारत फंस गया है, तब जाकर असलियत का अहसास हुआ है। मगर चीजें अब बहुत कुछ अपने हाथ में नहीं रह गई हैं। बहरहाल, सरकार और कारोबार जगत अब से भी हकीकत का सामना करने को तैयार हों, तो सुधार के रास्ते ढूंढे जा सकते हैं।



# बच्चों में भी लगातार 'काला मोतियाबिंद' का बढ़ रहा खतरा

> आंखों से संबंधित समस्याएं वैश्विक स्तर पर बढ़ती जा रही हैं, बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सभी इसका शिकार हो रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, भारत में धुंधला दिखाई देने, ड्राई आइज, मोतियाबिंद, ग्लूकोमा, तथा एज-रिलेटेड मैक्यूलर डिजनरेशन का खतरा पिछले कुछ वर्षों में काफी तेजी से बढ़ा है। हालिया रिपोर्ट्स में स्वास्थ्य विशेषज्ञ ओपीडी में ग्लूकोमा के बढ़ते मामलों को लेकर चिंता जता रहे हैं। ग्लूकोमा को आम बोलचाल की भाषा में काला मोतियाबिंद के नाम से भी जाना जाता है।

ग्लूकोमा आंखों की बीमारियों का एक समूह है जो ऑप्टिक नर्व्स को नुकसान पहुंचाती है, जिसके परिणामस्वरूप आंखों की रोशनी जाने या अंधेपन का खतरा हो सकता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सभी लोगों को कम उम्र से ही आंखों की इस समस्या से बचाव को लेकर सावधानी बरतते रहना चाहिए। आमतौर पर ये समस्या वयस्कों में देखी जाती रही है पर बच्चे भी इसका शिकार हो सकते हैं।

**ग्लूकोमा (काला मोतियाबिंद) के बारे में जानिए**

ग्लूकोमा या काला मोतियाबिंद आंखों की एक गंभीर बीमारी है, जो आंखों में तरल पदार्थ के बढ़ते दबाव के कारण होती है। दरअसल, आंखें एक तरल पदार्थ से भरी होती है, जो उसे पोषण और आकार देता है। पुराना तरल आंखों में मौजूद एक जालीदार परत और एक छोटे से छेद से बाहर निकल जाता है और नया तरल इसकी जगह ले लेता है।

जब किसी वजह से आंखों का यह तरल पदार्थ बाहर नहीं निकल पाता है, तो आंख के अंदर दबाव (इंट्राओक्युलर प्रेशर) बढ़ने लगता है। इस दबाव के कारण आंख के पीछे की नसें क्षतिग्रस्त होने लगती हैं और इनके काम करने की क्षमता खत्म हो जाती है।

**क्या कहते हैं स्वास्थ्य विशेषज्ञ?**


स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, अनयमित जीवनशैली और नशे की आदत को ग्लूकोमा का खतरा बढ़ाते हुए देखा जा रहा है। अगर शुरूआत में ही इसकी पहचान हो जाए तो इससे होने वाली दृष्टिहीनता से बचा जा सकता है।

ग्लूकोमा की समस्या पर अगर समय रहते ध्यान न दिया जाए या फिर इसका उपचार न कराया जाए तो यह दृष्टिहीनता का भी कारण बन सकता है। आंखों की अन्य बीमारियों में खोई हुई रोशनी इलाज से वापस लाई जा सकती है, लेकिन ग्लूकोमा में आंखों की रोशनी का आना मुश्किल होता है।



**बच्चों में भी ग्लूकोमा का खतरा**

बच्चों में ग्लूकोमा के मामले वयस्कों की अपेक्षाकृत कम होते हैं,



लेकिन फिर भी इसके लक्षणों को जांचते रहें। बच्चों में इसके लक्षणों की बात करें तो, उनकी आंखें बड़ी लगने लगती हैं। लगातार आंसू आते रहते हैं। रोशनी में उन्हें आंखें खोलने में दिक्कत होती है। पिछले कुछ वर्षों में बच्चों में ये दिक्कत तेजी से बढ़ी है।

**जानिए इसके लक्षण और कारण**

ग्लूकोमा आनुवांशिक, आंख पर चोट, उम्र का बढ़ना, हाई बीपी, डायबिटीज और आंखों में संक्रमण की वजह से हो सकता है। अगर किसी के परिवार में पहले से ग्लूकोमा इतिहास रहा है तो उन्हें आंखों से जुड़ी जांच करवाते रहना चाहिए। आंखों की चोट से ग्लूकोमा का खतरा बढ़ सकता है, इसलिए खेलकूद और अन्य गतिविधियों के दौरान चश्मा पहनें।

ग्लूकोमा से पीड़ित अधिकांश लोगों को शुरूआत में कोई भी समस्या महसूस नहीं होती है। समस्या अत्यधिक बढ़ने पर इसके संकेत दिखते हैं।

ग्लूकोमा के कारण अक्सर सिरदर्द होना, आंखों में तेज दर्द या भारीपन, धुंधला दिखना, अचानक दृष्टि का जाना, मतली या उल्टी, बार-बार चश्मे का नंबर बदलना, रात को कम या न दिखना, आंखें लाल हो सकती हैं।

**बचाव के लिए क्या उपाय किए जाएं?**

नेत्र रोग विशेषज्ञ बताते हैं, धूम्रपान, अनियमित आहार और तनाव से  ग्लूकोमा का खतरा बढ़ सकता है, इसलिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाना और हरी सब्जियां खाना ग्लूकोमा की रोकथाम में मदद कर सकता है। उच्च रक्तचाप, मधुमेह और थाइरॉयड से पीड़ित लोगों को ग्लूकोमा होने का खतरा अधिक रहता है, इसलिए इन्हें नियंत्रित रखें।

मोटापा ग्लूकोमा के जोखिम से जुड़ा हुआ है, इसलिए स्वस्थ वजन बनाए रखें। तनाव भी आंखों के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, इसके लिए ध्यान और मेडिटेशन को दिनचर्या में शामिल करें।

अगर आपकी उम्र 40 वर्ष से अधिक है तो वर्ष में एक बार नियमित रूप से आंखों की संपूर्ण जांच जरूर कराएं।

यह इसलिए भी आवश्यक है क्योंकि कई बार आंखों पर बढ़ रहा दबाव हम महसूस नहीं कर पाते हैं और समस्या बढ़ती जाती है।

जांच करा लेने से ग्लूकोमा जल्दी पकड़ में आ जाता है और समय पर सही उपचार मिल जाता है।

# दिशा वकानी ने छोड़ा तारक मेहता का उल्टा चश्मा

### मेकर्स को मिली नई दयाबेन


तारक मेहता का उल्टा चश्मा सालों से फैंस को एंटरटेन कर रहा है. शो में दिशा वकानी दयाबेन का रोल प्ले कर रही थीं. हालांकि, 2017 में वो मैटरनिटी लीव पर गईं और शो में वापस नहीं लौटीं. फैंस सालों से उनकी वापसी का इंतजार कर रहे थे. लेकिन अब दिशा के फैंस के लिए बुरी खबर है. रिपोर्ट्स हैं कि दिशा वकानी तारक मेहता का उल्टा चश्मा में वापसी नहीं कर रही हैं. दिशा को रिप्लेस कर दिया गया है. अब शो में नई दयाबेन दिखेंगी.



शो के मेकर असित मोदी ने दयाबेन के लिए बहुत सारे ऑडिशन लिए और उन्हें अब नई दयाबेन मिल गई है. उन्हें एक एक्ट्रेस पसंद आई हैं, लेकिन अभी तक एक्ट्रेस की पहचान रिवील नहीं की गई है. एक्ट्रेस को दयाबेन के रोल के लिए फाइनल कर लिया गया है. मॉक शूट चल रहे हैं. मॉक शूट के बाद एक्ट्रेस तारक मेहता का उल्टा चश्म की कास्ट के साथ ज्वॉइन करेंगी. दयाबेन के लिए फैंस का इंतजार अब खत्म होने वाला है. सोर्स के हवाले से लिखा, 'हां, ये सच है. असित मोदी नई दयाबेन ढूंढ रहे थे और उन्हें एक्ट्रेस का ऑडिशन बहुत पसंद आया. एक्ट्रेस के साथ मॉकशूट चल रहा है. वो एक हफ्ते से साथ है और शूटिंग कर रही हैं.' हालांकि, बातचीत में असित मोदी ने कहा, 'हम लगातार ऑडिशन ले रहे हैं. अभी किसी को फाइनल नहीं किया गया है. जल्द ही दयाबेन की वापसी होगी. हम पूरी कोशिश कर रहे हैं. अभी किसी को कास्ट नहीं किया गया है. लंबा प्रोसेस है. हम जल्दबाजी नहीं कर रहे हैं. अभी शूटिंग शुरू नहीं हुई है. जब ऐसा कुछ होगा तो बताएंगे.' बता दें कि दिशा वकानी ने शो में 2017 तक काम किया था. वो जेठालाल की पत्नी के रोल में थीं. दया का यूनिक स्टाइल फैंस को बहुत पसंद था. लेकिन 2017 के बाद वो ब्रेक पर गईं और सिर्फ एक एपिसोड के लिए शो में आई थीं. उस वक्त भी काफी चर्चा हुई थी. लोगों को लगा था कि दिशा वकानी वापस आ रही हैं. हालांकि, ऐसा हुआ नहीं.

# केबीसी के अगले सीजन की तैयारियां शुरू, बिग बी ने दी जानकारी

मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने खुलासा किया कि 'कौन बनेगा करोड़पति' के अगले सीजन की तैयारियां शुरू हो गई हैं और 'पहला कदम' प्रोमो है। अभिनेता ने अपने ब्लॉग पर लिखा, "काम ही व्यक्ति के भाग्य का निर्धारक है और अगले सीजन के लिए शो की तैयारियां पूरी गंभीरता से शुरू हो गई हैं, इसलिए पहला कदम रजिस्ट्रेशन के लिए आमंत्रण का प्रोमो होगा। उन्होंने माइक्रो-ब्लॉगिंग वेबसाइट पर तीन तस्वीरें भी साझा कीं। एक तस्वीर में वह सोफे पर लेटे हुए दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद उन्होंने बताया कि किस तरह वह फिल्म या सीरीज देखते हुए पूरी तरह तल्लीन हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि क्या यह सभी के साथ होता है या सिर्फ मेरे साथ होता है। जब हम कोई फिल्म या टीवी सीरीज देखते हैं, तो उसमें तल्लीनता का प्रतिशत इतना बड़ा होता है कि कुछ समय बाद आप फिल्म के किरदार की तरह बनने और व्यवहार करने लगते हैं। अभिनेता ने अपने प्रशंसकों और फॉलोअर्स, जिन्हें वह प्यार से अपना विस्तृत परिवार कहते हैं, उन्हें चैत्र सुखलदी, गुड़ी पड़वा, उगादि और ईद उल फितर की शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने कहा कि इस शुभ अवसर की बधाई सभी को खुशी और आनंद प्रदान करने वाली हो। सऊदी के कुछ हिस्सों में चांद देखा गया है और इस त्यौहार के दिन की शुभकामनाएं। इन सभी उत्सवों के संगम में ऐसी शानदार भावनाएं हैं जो पूरी मानवता में फैलती हैं। हम सभी को अप्रतिबंधित एकजुटता की भावना देती हैं। मेगास्टार ने 24 मार्च को लोगों की जान बचाने के लिए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के साथ हाथ मिलाया।





# मौनी रॉय ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया नया लुक

हॉरर-कॉमेडी फिल्म द भूतनी में नजर आने वाली मौनी रॉय ने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह डिजाइनर मोनिषा जयसिंह की डिजाइनर साड़ी पहने दिखाई दे रही हैं। मौनी ने साड़ी के साथ ब्रोकेड कोर्सेट ब्लाउज भी पहना। उन्होंने स्मोकी आईज और पिंक लिप्स के साथ अपने लुक को पूरा किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा, हॉरर नॉवेल्ला की वह लड़की। संजय दत्त, पलक तिवारी, मौनी और सनी सिंह स्टारर फिल्म 'द भूतनी' का ट्रेलर शनिवार को जारी किया गया। फिल्म 'द भूतनी' के ट्रेलर में मजेदार पंचलाइन, खौफनाक रोमांच और संजय दत्त का आइकॉनिक स्वैग दिखाई देता है। 'द भूतनी' दर्शकों को एक ऐसी दुनिया में ले जाने का वादा करती है, जहां डर और हंसी का अनोखा मिश्रण देखने को मिलेगा। मेकर्स ने मुंबई में एक मेगा इवेंट में पूरी स्टारकास्ट की मौजूदगी में फिल्म का ट्रेलर लॉन्च किया। 26 फरवरी को संजय ने महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर फिल्म के टाइटल 'द वर्जिन ट्री' का खुलासा किया था। यह भी खुलासा हुआ कि यह फिल्म 18 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में आएगी। फिल्म के निर्माताओं ने एक टीजर भी शेयर किया था, जो एक रहस्यमयी दुनिया की झलक देता है। 'द भूतनी' को सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट और थ्री डायमेंशन मोशन पिक्चर्स प्रस्तुत कर रहे हैं, जिसे सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले दीपक मुकुट, संजय दत्त, हुनर मुकुट और मान्यता दत्त ने प्रोड्यूस किया है। वह आखिरी बार फिल्म ब्लैकआउट में नजर आई थीं, जो देवांग शशिन भवसार की एक कॉमेडी थ्रिलर फिल्म है और इसे ज्योति देशपांडे और नीरज कोठारी ने बनाया था। इसमें विक्रांत मैसी, रूहानी शर्मा, सुनील ग्रोवर, मौनी रॉय, जीशू सेनगुप्ता, अनंत विजय जोशी, प्रसाद ओक, केली दोरजी और अन्य कलाकार हैं। वह सीरीज शोटाइम में भी नजर आई थीं, जो बॉलीवुड की दुनिया, प्रोडक्शन हाउस और उनके काम करने के तरीके को दिखाती है। इसमें बॉलीवुड के पर्दे के पीछे की सत्ता की लड़ाई और झगड़ों को दर्शाया गया है।

# गोविंदा ने उज्जैन में महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में दर्शन किए

अभिनेता से नेता बने गोविंदा ने शनिवार को मध्य प्रदेश के उज्जैन में महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में दर्शन किए। अभिनेता ने प्रतिष्ठित मंदिर में पूजा-अर्चना की और आवश्यक अनुष्ठान करने के बाद अपनी खुशी जाहिर की। गोविंदा ने अपने दर्शन के लिए पीले रंग का कुर्ता पहना था। उन्होंने नंदी (शिव का बैल) की मूर्ति पर जल चढ़ाया, जो भगवान शिव के भक्तों द्वारा किया जाने वाला एक सामान्य अनुष्ठान है। इस महीने की शुरुआत में, बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन रामपाल ने मध्य प्रदेश के उज्जैन में महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर का दौरा किया, जहाँ उन्होंने दिव्य भस्म आरती में भाग लिया। अभिनेता ने प्रतिष्ठित मंदिर में पूजा-अर्चना की और पवित्र अनुष्ठान को देखने पर अपनी खुशी जाहिर की। सफेद शर्ट पहने रामपाल को बाद में मंदिर में श्रद्धा का पारंपरिक प्रतीक, सुनहरे कढ़ाई में महाकाल लिखा हुआ एक काला स्टोल भेंट किया गया। अपने अनुभव को याद करते हुए, अभिनेता ने साझा किया, यह भस्म आरती का मेरा पहला अनुभव था... मैंने अब तक ऐसा कभी अनुभव नहीं किया है... यह बहुत सुंदर, जीवंत और अद्भुत था... मैं यहाँ आकर बहुत खुश हूँ... मैंने देश और दुनिया में सद्भाव के लिए प्रार्थना की। महाकालेश्वर मंदिर में सबसे प्रतिष्ठित अनुष्ठानों में से एक भस्म आरती, शुभ ब्रह्म मुहूर्त के दौरान, सुबह 3:30 से 5:30 बजे के बीच की जाती है। मंदिर की परंपराओं के अनुसार, अनुष्ठान सुबह बाबा महाकाल के कपाट खुलने के साथ शुरू होता है, उसके बाद दूध, दही, घी, चीनी और शहद के पवित्र मिश्रण पंचामृत से पवित्र स्नान होता है।



## मुंबई की लगातार दूसरी हार

# गुजरात ने 36 रन से हराया





**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस ने IPL 2024 में अपनी पहली जीत दर्ज करते हुए मुंबई इंडियंस को 36 रन से शिकस्त दी। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में गुजरात ने मुंबई को लगातार चौथी बार हराया। मुंबई इंडियंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। गुजरात ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 196 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस की टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 160 रन ही बना सकी।

### गुजरात टाइटंस की दमदार बल्लेबाजी

गुजरात के लिए साई सुदर्शन ने शानदार प्रदर्शन किया और 41 गेंदों में 63 रन बनाए। उनके अलावा जोस बटलर ने 39 रन और शुभमन गिल ने 38 रन जोड़े। गेंदबाजी में हार्दिक पंड्या ने 2 विकेट चटकाए, जबकि ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, मुजीब उर रहमान और एस राजू को 1-1 विकेट मिला।

### मुंबई इंडियंस की नाकाम कोशिश

मुंबई इंडियंस की ओर से सूर्यकुमार यादव ने 48 रन और तिलक वर्मा ने 39 रन बनाए, लेकिन बाकी बल्लेबाज बड़ा योगदान देने में असफल रहे। गेंदबाजी में मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने 2-2 विकेट लिए, जबकि कगिसो रबाडा और साई किशोर को 1-1 विकेट मिला।

### पॉइंट्स टेबल में बदलाव

गुजरात टाइटंस को इस जीत से 2 अंक मिले और टीम तीसरे स्थान पर पहुंच गई। दूसरी ओर, मुंबई इंडियंस की लगातार दूसरी हार के बाद टीम 9वें स्थान पर बनी हुई है।

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11:

गुजरात टाइटंसः शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, जोस बटलर (विकेटकीपर), शेरफेन रदरफोर्ड, शाहरुख खान, राहुल तेवतिया, आर साई किशोर, राशिद खान, कगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और ग्लेन फिलिप्स।

मुंबई इंडियंसः हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, रियान रिकेल्टन, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव, नमन धीर, मिचेल सैंटनर, दीपक चाहर, मुजीब उर रहमान, ट्रेंट बोल्ट, सत्यनारायण राजू। अब देखना होगा कि मुंबई इंडियंस अगले मुकाबले में जीत की राह पर लौटती है या नहीं।



### सीनियर एशियाई कुश्ती

# मनीषा ने जीता पहला स्वर्ण

## अंतिम ने वापसी पर कांस्य पदक जीता

**अम्मान (जॉर्डन)।** भारतीय महिला पहलवानों ने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा, क्योंकि मनीषा ने देश के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता, जबकि अंतिम पंघाल ने शुक्रवार को यहां 2025 सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा में वापसी करते हुए कांस्य पदक जीता। जॉर्डन की राजधानी में आयोजित इस प्रतियोगिता का तीसरा दिन भारतीय कुश्ती के लिए ऐतिहासिक दिन साबित हुआ, क्योंकि भारतीय महिला कुश्ती टीम ने एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता, जिससे भारत के कुल पदकों की संख्या 1 स्वर्ण, 1 रजत और 5 कांस्य हो गई। दिन का मुख्य आकर्षण मनीषा (62 किग्रा) रहीं, जिन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को चैंपियनशिप का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। उन्होंने कुछ सबसे कठिन प्रतिद्वंद्वियों को हराकर फाइनल तक अपना दबदबा बनाया। कजाकिस्तान की टाइनिस डुबेक (विश्व रैंकिंग 9) को 11-0 से हराने के बाद, विश्व रैंकिंग में नंबर 10 भारतीय ने कोरिया की हनबिट ली को हराया, इसके बाद 2023 एशियाई चैंपियन कलमीरा बिलिमबेकोवा को 5-1 से हराया। एक करीबी मुकाबले में, मनीषा ने डीपीआर कोरिया की ओक जे किम को 8-7 से हराकर भारत को टूर्नामेंट का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। इस बीच, 2024 पेरिस ओलंपिक के बाद अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में वापसी कर रही अंतिम पंघाल (53 किग्रा) ने कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में चीन की जिन झांग (2024 विश्व चैंपियनशिप रजत पदक विजेता) पर 10-6 से जीत के साथ जोरदार शुरूआत की। हालांकि, उन्हें सेमीफाइनल में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा, जहां वह जापान की मो कियूका (विश्व चैंपियन) से 10-0 से हार गईं। डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बयान में कहा, कल से शुरू होने वाली फ्रीस्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता के साथ, भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को भारतीय दल से अधिक पदक और मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद है।"



## रविवार, 30 मार्च राशिफल

**मेष** : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थ पक्ष मजबूत रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-7-8-9

**वृष** : प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-2-7-9

**मिथुन** : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। शुभांक-3-7-9

**कर्क** : राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-4-8-9

**सिंह** : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रु भय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृ पक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। सिर्फ आश्वासनों से संतोष करना पड़ेगा। शुभांक-3-6-8

**कन्या** : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

**तुला** : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ? के आसार रहेंगे। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

**वृश्चिक** : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें। शुभांक-2-7-8

**धनु** : आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-3-6-9

**मकर** : आगे-आगे गौरख जागे वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। मीठे बोलने वालों से संभल कर रहें। शुभांक-4-6-8

**कुंभ** : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभ कार्यों में व्यय होगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिलेगा। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-1-3-7

**मीन** : व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम होगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति सामान्य रहेगी। शुभांक-1-5-9

# मोशन अकेडमी आगरा में आईआईटी व नीट की तैयारी के लिए नये बैचो की दमदार शुरूआत

**आगरा मोशन अकेडमी में आईआईटी व नीट की तैयारी के लिए सत्र के पहले फाउडेंशन और टारगेट बैच की क्लासेज शुरू हो चुकी हैं। शहर के बेस्ट सीबीएससी और आइसीएसई स्कूल स्टूडेंट्स ने मोशन अकेडमी आगरा में ली सत्र की पहली आईआईटी व नीट की क्लास। मोशन अकेडमी के डायरेक्टर डॉ. अरूण शर्मा ने बताया कि आईआईटी जेईई व नीट परीक्षा की तैयारी दसवीं क्लास के बाद शुरू करने से मिलता है फायदा।**

एनएनआई

आगरा। मोशन अकेडमी आगरा में आईआईटी और नीट की तैयारी के लिए सत्र 2025 के पहले बैचो का दमदार शुभारंभ हुआ। मोशन अकेडमी आगरा के डॉयरेक्टर डॉ. अरूण शर्मा ने बताया कि अगर स्टूडेंट्स आईआईटी, एनआईटी और एम्स जैसी प्रतिष्ठित कॉलेजों में प्रवेश लेना चाहते हैं तो उन्हे आईआईटी व नीट परीक्षा की तैयारी ग्यारहवीं क्लास से ही शुरू कर देनी चाहिए और कहा कि आईआईटी व एम्स जैसे अच्छे कॉलेज में एडमीशन मिलने के बाद बेहतरीन और लाखों-करोडों रुपए वाली नौकरियों के दरवाजे खुल जाते हैं। आईआईटी व नीट में अच्छी रैंक लाना बहुत ही मुश्किल होता है। जल्दी शुरूआत करने से न केवल सफलता मिलती है बल्कि बेहतर रैंक भी प्राप्त की जा सकती है। मोशन अकेडमी आगरा एम. जी. रोड व मोशन अकेडमी नेहरू एन्कलेव, 100 फुटा, राजपूर, ताज नगरी सेन्टर दोनो संस्थानों पर दिनांक 01 अप्रैल 2025 को नये आईआईटी व नीट के फाउन्डेशन (दसवीं के बाद) और टारगेट (बारहवी के साथ या पास) बैच शुरू होने जा रहें है। आगरा मोशन अकेडमी से आईआईटी-जेईई व नीट की तैयारी करने के लिए दिये गये फोन नंम्बर 9719905151, 9997263131 पर सम्पर्क करें।





## बेस्ट स्कूल के स्टूडेंट्स की पहली पसंद है मोशन अकेडमी



मेरा मोशन अकेडमी में एडमीशन लेने का कारण यह हैं कि यहाँ के टीचर्स आईआईटी से बी.टेक कियें हुऐ है। जिनको अपने सब्जेक्ट में कई वर्षों का पढ़ाने का अनुभव है। और ऐसे अनुभवी टीचर ही स्टूडेंट्स का सलैक्शन करा सकते हैं।
**अभिनव शर्मा-सेंट पीटर्स स्कूल (संजय पैलेस, आगरा)**



मोशन अकेडमी को जॉइन करने की सबसे बड़ी वजह यह है कि यहाँ हर साल आईआईटी और नीट परीक्षा में आगरा टॉपर्स के साथ साथ यहाँ इन परीक्षाओं में सबसे ज्यादा रेसियों में सलैक्शन होते है। दूसरा यह रीजन हैं कि यहाँ आईआईटीअन व डॉक्टर्स फैकल्टी टीम हैं।
**दिव्यम वर्मा-सेंट जोर्जेस स्कूल (सेंट जोन्स, आगरा)**



मोशन अकेडमी आगरा में हर साल शहर के बेस्ट स्कूल के स्टूडेंट्स आईआईटी और नीट की तैयारी के लिए आते हैं। मोशन अकेडमी में एडमीशन लेने का कारण यही हैं कि बेस्ट स्कूल के पढ़ने वाले बच्चों के साथ पढ़ाई का अलग ही माहौल रहता हैं।
**जसलीन कौर-सेंट फ्रान्सिस स्कूल (वजीरपुरा रोड, आगरा)**



अनय गर्ग ने बताया कि मोशन अकेडमी आगरा में सबसे ज्यादा पॉपुलर कोचिंग संस्थान हैं जो कि लगातार सात सालों से आगरा से टॉपर दे रहा हैं। दसवीं के एग्जाम से पहले ही मोशन अकेडमी को तैयारी के लिए चुन लिया था। यह आगरा का सबसे अच्छा कोचिंग संस्थान है।
**अनय गर्ग-सुमित राहुल स्कूल (कमला नगर, आगरा)**



मोशन अकेडमी जॉइन करने का कारण यहाँ का बेस्ट स्टडी मैटेरियल है। तैयारी के दौरान यहाँ बेस्ट क्वालिटी के प्रश्नों पर ध्यान दिया जाता है। मोशन अकेडमी का स्टडी मैटेरियल, डेली प्रेक्टिस सीट व क्वश्चन पैपर्स आईआईटी व नीट पैटर्न के होते है।
**आयूष भदौरिया-सेंट क्लेरेस स्कूल (आगरा कैंट)**



कनिष्का कौशिक ने बताया कि मोशन अकेडमी जॉइन करने का कारण यहाँ टीचर्स की टीचिंग मैथोडोलॉजी हैं जो कि अन्य किसी कोचिंग संस्थान से अलग है। यहाँ हर स्टूडेंट्स को प्रश्नों को सोर्ट ट्रिक्स से करना सिखाया जाता हैं।
**कनिष्का कौशिक-दिल्ली पब्लिक स्कूल (शास्त्रीपुरम, आगरा)**



आगरा का मोशन अकेडमी जॉइन करने का कारण यहाँ की फैकल्टी के साथ-साथ यहाँ का स्टूडेंट्स को दिया जाने वाला सपोर्ट सिस्टम भी हैं। यहाँ आनलाईन मोड, ऑफलाइन मोड, व डिजीटल मोड पर भी छात्रों को सपोर्ट किया जाता हैं।
**अपूर्व गर्ग-गायत्री पब्लिक स्कूल (शास्त्री पुरम, आगरा)**



आवास विकास निवासी अंकित कुमार बताते हैं कि मोशन अकेडमी में एडमीशन इसलिए लिया क्योंकि यहाँ तैयारी के दौरान छात्रों के लिए हर वो सुविधा उपलब्ध हैं जो देश के अच्छे संस्थान में होनी चाहिए। मुझे मोशन अकेडमी आगरा का बेस्ट संस्थान लगा।
**अंकित कुमार-शिवालिक कैमब्रिज स्कूल (आ. विकास, आगरा)**

